Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 147 | शुक्रवार, 30 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## जम्मू बैठक में गृह मंत्री अमित शाह बोले

# भयमुक्त अमरनाथ यात्रा के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**जम्मू।**

गृहमंत्री ने कहा कि सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति है। भारत अपने लोगों की सुरक्षा और संप्रभुता को बचाने के लिए दुश्मन को घर में घुसकर मारने में विश्वास रखता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार अपने दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकवाद के सफाए, घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए राजभवन जम्मू में उच्च स्तरीय बैठक की। गृहमंत्री ने कहा कि सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

### दुश्मन को घर में घुसकर मारता है भारत

नीति है। भारत अपने लोगों की सुरक्षा और संप्रभुता को बचाने के लिए दुश्मन को घर में घुसकर मारने में विश्वास रखता है। गृहमंत्री बृहस्पतिवार को शाम साढ़े सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू पहुंचे। रात करीब साढ़े आठ बजे गृहमंत्री की अध्यक्षता में राजभवन जम्मू उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक शुरू हुई। इसमें अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकरोधी अभियान, भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई। बैठक में अमरनाथ यात्रा भयमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए तैयार किए गए प्लान पर विस्तृत चर्चा हुई। यात्रा मार्ग पर सुरक्षाबलों की तैनाती, सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान और मजबूत सुरक्षा ग्रिड बनाने को कहा गया। गृहमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों को अमरनाथ यात्रा को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया। सीमापार से घुसपैठ की हर कोशिश को विफल करने को कहा।

# पंजाब को हराकर 9 साल बाद फाइनल में पहुंची आरसीबी



**नई दिल्ली।**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को पहले क्वालिफायर में हराकर 9 साल बाद फाइनल में जगह बना ली है। मुल्लांपुर में खेले गए मैच में आरसीबी (फउइ) ने पंजाब (ढइङर) को 8 विकेट से मात दी। गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी के बाद फिल साल्ट के नाबाद अर्धशतक की बदौलत आरसीबी ने फाइनल का टिकट हासिल किया। मामूली से लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने जल्दी ही विराट कोहली (12) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद फिल साल्ट ने मयंक अग्रवाल के साथ मिलकर 54 रन की साझेदारी की। मयंक अग्रवाल 19 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, दूसरे छोर से फिल साल्ट तूफानी बल्लेबाजी करते रहे। फिल साल्ट ने 23 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले टॉस जीतकर रायल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। कप्तान रजत पाटीदार के फैसले को टीम के गेंदबाजों ने सही साबित किया। सुयश शर्मा और हेजलवुड ने तीन -तीन विकेट झटके। सुयश शर्मा ने तीन ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट झटके।

हेजलवुड ने 3.1 में 21 रन देकर तीन विकेट, यश दयाल ने चार ओवर में 26 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि भुवेश्वर कुमार ने दो ओवर में 17 रन देकर एक विकेट और रोमारियो शेफर्ड ने एक ओवर में पांच रन देकर एक विकेट झटका। दूसरे ओवर में ही प्रियांश आर्या (7) आउट हो गए और जल्द ही प्रभसिमरन सिंह (18), श्रेयस अय्यर (2), और जोश इंग्लिस (4) भी चलते बने।

## 'हमारे कुछ करने से पहले ही भारत ने ब्रह्मोस से कर दिया हमला'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने माना है कि 9-10 मई की रात को जब भारत ने रावलपिंडी के हवाई अड्डे सहित प्रमुख सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस मिसाइलों से हमला किया तो उनकी सेना को इस बात का अंदाजा नहीं था। अजरबैजान में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आसिम मुनीर के नेतृत्व वाली सेना ने 10 मई को सुबह की नमाज के बाद भारत पर हमला करने की योजना बनाई थी। लेकिन, भोर से पहले ही भारत ने लंबी दूरी की सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों से पाकिस्तान के विभिन्न प्रांतों पर हमला कर दिया। शरीफ ने कहा कि उन्हें सुबह-सुबह हुए इन हमलों की जानकारी मुनीर ने दी।

# अब पूरे बिहार में जाएंगी यूपी रोडवेज की बसें, बिहार की बसें भी आएंगी प्रदेश

**लखनऊ।**

यूपी रोडवेज की बसें अब बिहार के ज्यादातर हिस्सों में जाया करेंगी। इस तरह बिहार रोडवेज की बसें भी यूपी के कई रूटों में आएंगी।

उत्तर प्रदेश और बिहार परिवहन निगम की बसें नए रूट पर एक-दूसरे राज्य में जा सकेंगी। इस संबंध में बृहस्पितवार को परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अमित गुप्ता की अध्यक्षता में दोनों राज्यों के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। निगम मुख्यालय सभागार में हुई बैठक में दोनों राज्यों के बीच नए मार्गों



को जोड़ने, परमिटों एवं फेरों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रमुख सचिव अमित गुप्ता ने कहा कि नए मार्गों के जुड़ने एवं बसों के फेरों की संख्या में वृद्धि से एक तरफ जहां राजस्व में वृद्धि होगी, वहीं तरफ दोनों राज्यों के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इस नए फैसले के बाद यूपी रोडवेज की बसें बिहार के ज्यादातर हिस्सों में जाया करेंगी। अभी तक इसके बहुत सीमित रूट थे। बैठक में विशेष सचिव केपी सिंह, प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, रामसिंह वर्मा एवं बिहार पथ परिवहन निगम के अतुल कुमार, पवन शांडिल्य आदि मौजूद रहे। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में आने वाले उतरेटिया-रायबरेली रेल खंड के बीच समपार संख्या-152 एवं 188 पर सीमित ऊंचाई सब-वे निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक दिए जाने के कारण कई गाड़ियों का रूट बदला गया है।

# इस्राइल ने नए युद्धविराम प्रस्ताव को दी मंजूरी

**तेल अवीव।**

रिपोर्ट के अनुसार, इस नए समझौते में 10 जीवित इस्राइली बंधकों की चरणबद्ध रिहाई और 18 मृत बंदियों के शवों की वापसी शामिल है। इसके बदले में, इस्राइल 1000 से अधिक फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा, जिनमें दोषी ठहराए गए आतंकवादी और अक्तूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से बंद कैदी शामिल हैं। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने



एक अहम घोषणा करते हुए कहा है कि गाजा पट्टी में युद्ध विराम को लेकर अमेरिका के एक नए प्रस्ताव को इस्राइल ने स्वीकार कर लिया है। यह प्रस्ताव अमेरिका के मध्य-पूर्व मामलों के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की तरफ से पेश किया गया है। यह जानकारी इस्राइली मीडिया के हवाले से सामने आई है। इस प्रस्ताव को लेकर नेतन्याहू ने गाजा में बंधक बनाए गए इस्राइली नागरिकों के परिवारों को सूचित किया कि सरकार ने इसे मंजूरी दे दी है। दूसरी ओर, फलस्तीनी संगठन हमास ने कहा है कि उन्हें यह प्रस्ताव मिला है और वे इस पर विचार कर रहे हैं।

## अर्द्धसैनिक बलों को रिटायरमेंट के आखिरी दिन मिलेगी ऑनरेरी रैंक

**नई दिल्ली।** सीआरपीएफ, एसएसबी, आइटीबीपी, सीआइएसएफ, बीएसएफ जैसे केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों और असम राइफल्स के जवानों को सेवानिवृति के दिन प्रोन्नति दिया जाएगा। इसके तहत जिस पद जवान सेवानिवृत हो रहा है, उससे एक पद ऊपर होकर सेवानिवृति होगा। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन के बाद गृह मंत्रालय इसे लागू कर दिया है। गृह मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सेवानिवृति के दिन दिया गया एक स्तर ऊपर का पद मानद होगा और इसका जवान को सेवानिवृति के बाद मिलने पेंशन और अन्य वित्तीय लाभों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# ट्रंप के इरादों पर अमेरिकी कोर्ट ने फेरा पानी, द्विपक्षीय व्यापार समझौते में भारत को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।**

अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत ने दुनिया के तमाम देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत का यह फैसला भारत के लिए राहत माना जा रहा है।

भारत अब बिना किसी दबाव के अमेरिका के साथ व्यापार समझौता वार्ता कर सकेगा। दूसरा, ट्रंप सरकार स्मार्टफोन बनाने वाली एपल जैसी कंपनियों को भी भारत छोड़ने की



धमकी नहीं दे सकेगी। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आगेर्नाइजेशंस (फियो) के सीईओ एवं महानिदेशक अजय सहाय ने बताया कि इस फैसले से अभी भारत से होने वाले निर्यात को कोई लाभ नहीं मिलने जा रहा है। पहले की तरह 10 प्रतिशत का शुल्क जारी रहेगा। ट्रंप सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी है और ट्रंप की पूरी कोशिश सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अपने पक्ष में करने की होगी। जानकारों का कहना है कि अगर सुप्रीम कोर्ट भी पारस्परिक शुल्क के फैसले को अवैध ठहराता है तो पारस्परिक शुल्क से पूर्व की व्यवस्था लागू हो जाएगी। ऐसे में चीन को भी बड़ी राहत मिल जाएगी, जो भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अभी चीन पर 30 प्रतिशत का शुल्क है।

## शोक सन्देश



अत्यन्त दु:ख के साथ आपको सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी श्रीमती सरोजनी शर्मा धर्मपत्नी स्व. श्री वेद प्रकाश शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 28 मई 2025 दिन बुधवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**: शोकाकुल :**

ललित कुमार शर्मा (पुत्र)
सम्पादक वेलकम इंडिया,
मो. : 9891116568

संजीव शर्मा (पुत्र)
कुमार इंटरप्राइजेज
मो. : 9268566079

## संपादक की कलम से

# किसानों की उम्मीदें और चुनौतियां

न्यूनतम समर्थन मूल्य और कृषि सुधार की जमीनी हकीकत किसानों की स्थिति बेहतर करने के मकसद से स्वामीनाथन समिति का गठन किया गया था, जिसने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनना चाहिए। सरकार ने चालू वित्तवर्ष में खरीफ फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की घोषणा कर दी है। हर वर्ष



ललित शर्मा
संपादक

फसल की बुआई से पहले फसलों की एमएसपी घोषित की जाती है। इस वर्ष धान की फसल के लिए पिछले वर्ष की तुलना में न्यूनतम समर्थन मूल्य उनहत्तर रुपए प्रति कुंतल बढ़ा दिया गया है। इसी तरह कुल चौदह फसलों का एमएसपी घोषित किया गया है, जिनमें दलहनी फसलें और मोटे अनाज शामिल हैं। सरकार का दावा है कि यह बढ़ोतरी उसके वादे के अनुरूप है, जिसमें उत्पादन लागत का कम से कम पचास फीसद अधिक एमएसपी तय किया जाता है। इसके अलावा, ब्याज सबवेंशन योजना के तहत किसानों को खेती और बागवानी के लिए तीन लाख रुपए तक और कृषि सहायक उद्यमों जैसे पशुपालन और मछली पालन के लिए दो लाख रुपए तक का कर्ज रियायती दर पर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। कहा जा रहा है कि इससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा और कृषि क्षेत्र में सुधार नजर आएगा। पर इन घोषणाओं से किसान संगठन कितने खुश हो पाते हैं, देखने की बात होगी, क्योंकि वे लंबे समय से न्यूनतम समर्थन मूल्य में विसंगतियों और कृषि सुविधाओं में कमी के मुद्दे उठाते रहे हैं। किसानों की स्थिति बेहतर करने के मकसद से स्वामीनाथन समिति का गठन किया गया था, जिसने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनना चाहिए। फिर, उत्पादन लागत में किसानों के पारिवारिक श्रम की कीमत भी जोड़ी जानी चाहिए। मौजूदा सरकार ने वादा किया था कि किसानों को उनकी फसलों की कीमत लागत की डेढ़ गुना तक दी जाएगी। मगर न्यूनतम समर्थन मूल्य के निर्धारण में किसानों के पारिवारिक श्रम की कोई कीमत नहीं आंकी जाती। फिर, बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई आदि पर आने वाले खर्च को भी ठीक से नहीं आंका जाता, जिसकी वजह से लागत और अंतिम मूल्य में बहुत अंतर नहीं रह जाता। खासकर धान जैसी फसलों पर उत्पादन लागत अधिक बैठती है। फिर भी, न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों में फसल बोने को लेकर उत्साह बनता है। पर यह शिकायत आम है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य तय होने के बावजूद आढ़ती उस कीमत पर किसानों से फसलें नहीं खरीदते। ज्यादातर मामलों में उससे कम, बल्कि कई बार किसान काफी कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर होते हैं। इस पर रोक लगाने का कोई उपाय अभी तक नहीं किया गया है। इसीलिए एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने की मांग जोर पकड़ती रही है।

## संजीव ठाकुर

## प्रभु साथ दो मेरा

कविता



प्रभु साथ दो मेरा
जहां भी हो अंधेरा
राह में सत्य की
सदैव साथ हो तेरा

जहां लोभ का डेरा
पथ में न्याय के
चलूं मैं अकेला
प्रभु साथ दो मेरा

वासना के प्रबल
आंधी तूफान मचल–मचल
सदैव करते मुझे निर्बल
प्रभु साथ दो मेरा।

रोता है मन मेरा
शिशु सा भोला, निर्मल
पानें को बार–बार
मां की ममता अपार।

प्रभु लगा दो पार
नाव पड़ी मझधार
हर सांस के संग मेरी
प्रभु कृपा हो तेरी।

प्रभु साथ दो मेरा
जहां से चलूं अकेला
आशाओं से भरा सवेरा
समर्पित दिन सारा मेरा।

समर्पित तुम्हें दिन मेरा
बीत जाता प्रभु कोरा
सुबह शाम उड़ते पंछी सा
प्रभु तुम साथ दो मेरा।

अब रह गया तेरा ही सहारा,
प्रभु साथ दो मेरा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अमेरिका ने दुनियाँ भर में अपने दूतावासों पर नए स्टूडेंट वीजा के लिए इंटरव्यू पर रोक लगाई



अत : अगर हम अपने विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिका ने दुनियाँ भर में अपने दूतावासों पर नए स्टूडेंट वीजा के लिए इंटरव्यू पर रोक लगाई अमेरिका की छात्र वीजा पर रोक–आतंकवादी या कट्टरपंथी संगठन सदस्यों के बहरूपिए छात्रों के आने पर रोक? या अमरीकी फर्स्ट नीति का हिस्सा ?आंदोलनों प्रदर्शनों में भाग लेने वाले वीजा आवेदक छात्रों की पहचान सोशल मीडियाके अनेकों प्लेटफॉर्म्र्ससे करउनको वीजा नहीं देना इस आदेश का उद्देश्य हो सकता है



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ का हर देश यह महसूस कर रहा है कि, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने से वे अपने चुनाव प्रचार में किए गए वादों को पूर्ण करने में तेजी से जुटे हुए हैं, अगर हम ट्रंप के चुनावी प्रचार की करीब-करीब हर सभा को देखें तो उसमें उन्होंने अमेरिकी फर्स्ट, टैरिफ, यूक्रेन-रूस युद्ध विराम, हमास-इजरायल युद्ध विराम सहित अनेको ऐसे वादे किए थे जो अमेरिका को फिर नंबर वन पर लाने में सहायक सिद्ध होंगे। पूरी दुनियाँ देख रही है कि ट्रंप अपने किए गए वादों को, एक के बाद एक पूरा करते हुए चले जा रहे हैं। इसी कड़ी में नए स्टूडेंट्स के लिए अमेरिका वीजा रोकने का फैसला भी देखा जा रहा है। मेरा मानना है कि अगर विदेशी छात्रों को अमेरिका पढ़ने के लिए आने के लिए रोकेंगे तो,स्थानीय छात्रों को अधिक मौका मिलेगा जिससे अमेरिका फर्स्ट का वादा पूरा होगा। दूसरे एंगल से अगर हम देखें तो हमने कई मौका पर अनेक विवादों में अमेरिका में पढ़ने आए विदेशी छात्रों द्वारा दूतावासों पर जाकर प्रदर्शन आंदोलन कर माहौल खराब करने की कोशिश की जाती है, जिसका संज्ञान शायद ट्रंप साहब ने लिया होगा। कुल मिलाकर इस फैसले से आंदोलनप्रदर्शन आतंकवाद समर्थन पर रोक तथा अमरीक फर्स्ट दोनों लक्ष्यों का आभास होता है, हालांकि यह रोक टेंपवरी है जब इसे कंटिन्यू किया जाएगा तो, वीजा की चाहना रखने वाले छात्रों को सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर 2019 से अपने रिकार्ड को दिखाने की शर्त हो सकती है,जो रेखांकित करने वाली बात है।चूँकि अमेरिका ने दुनियाँ भर में अपने दूतावासों पर नए स्टूडेंट वीजा के लिए इंटरव्यू पर रोक लगाई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका में छात्र वीजा पर रोक आतंकवादी या कट्टरपंथी संगठनों के छात्र बहरूपिया में आने से रोकना? या अमेरिकी फर्स्ट नीति का हिस्सा हो सकता है?

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा छात्र वीजा पर रोक लगाने को समझनें करें तो, अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को छात्र और विनिमय आगंतुक वीजा के लिए नई नियुक्तियां निर्धारित करना बंद करने का निर्देश दिया, जबकि अमेरिकी विदेश विभाग अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सोशल मीडिया स्क्रीनिंग का विस्तार करने की तैयारी कर रहा है। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, हम अपने वीजा स्क्रीनिंग और जांच में सभी उपलब्ध जानकारी का उपयोग करते हैं। हालांकि बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किस सामग्री को आपत्तिजनक माना जा सकता है, लेकिन वीजा आवेदकों से उनके फॉर्म पर 2019 से लेकर अब तक की सोशल मीडिया जानकारी देने के लिए कहा गया है।विदेश मंत्री का यह आदेश ट्रम्प प्रशासन द्वारा हार्वर्ड विश्वविद्यालय को कथित यहूदी विरोधी भाषण और गाजा में इजरायल की कार्रवाई की आलोचना को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए दंडात्मक निशाना बनाये जाने के बीच आया है। हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका को चुनने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, तथा अब अमेरिका कनाडा के बाद दूसरे स्थान पर हैं,जिन लोगों ने पहले ही इंटरव्यू अप्वाइंटमेंट स्लॉट बुक कर लिए थे, उन पर इस फैसले का कोई असर नहीं होगा।अमेरिका का ये निर्णय ऐसे समय पर आया है, जब राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार विदेशी छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट की सख्ती से जांच के लिए नियम बनाना चाहती है। इस फैसले से बहुत से छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।आदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि सिर्फ नई बुकिंग शेड्यूल नहीं करनी है। लेकिन जिन लोगों ने पहले से ही अप्वाइंटमेंट बुकिंग की हुई है, वे वीजा इंटरव्यू दे सकते हैं और उसे पास कर स्टूडेंट वीजा हासिल कर सकते हैं।इस तरह पहले से बुकिंग रखने वाले छात्रों को राहत है। साथियों बात अगर हम छात्र वीजा पर रोक लगाने के पीछे संभावित कारणों की करें तो, ट्रंप सरकार का वीजा अप्वाइंटमेंट बुकिंग रोकने का ये फैसला ऐसे समय पर आया है, जब राष्ट्रीय सुरक्षा खतरों और कैंपस में अशांति की चिंताओं का हवाला देकर पहले ही विदेशी छात्रों की एंट्री मुश्किल बना दी गई है। विदेशी मंत्री ने पहले ही विदेशी छात्रों को लेकर कड़ा रुख अख्तियार करने का संकेत दिया था। मार्च में उन्होंने कहा था कि कुछ छात्र ऐसे हैं, जो अमेरिका में पढ़ने नहीं, बल्कि प्रदर्शन करने आ रहे हैं। कैंपस में प्रदर्शन करने को लेकर पहले ही कई सारे छात्रों का वीजा रद्द किया गया है। तोड़फोड़-हंगामा करने के लिए नहीं मिलेगा वीजा, विदेश मंत्री ने कहा कि टफ्ट्स यूनिवर्सिटी की डॉक्टरेट की छात्रा को गाजा के समर्थक में एक ऑप-एड लिखने के बाद गिरफ्तार किया गया। लेकिन फिर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस केस का हवाला देते हुए कहा, अगर आप अमेरिका में आने और छात्र बनने के लिए वीजा के लिए अप्लाई करते हैं। फिर आप हमें बताते हैं कि आप यूएस में इसलिए आ रहे हैं, क्योंकि आप सिर्फ ऑप-एड ही नहीं लिखना चाहते हैं, बल्कि प्रदर्शनों में हिस्सा लेना चाहते हैं। ऐसे प्रदर्शनों में जिसमें यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़, छात्रों को परेशान करना, इमारतों पर कब्जा करना, हंगामा करना जैसी चीजें शामिल हैं, तो हम आपको वीजा नहीं देंगे।दरअसल, अमेरिका में पिछले साल कॉलेज कैंपसों में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शन देखने को मिले। इसमें विदेशी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुछ कैंपसों यहूदी विरोधी घटनाएं भी सामने आईं। ऐसे में अमेरिका चाहता है कि किसी भी ऐसे छात्र को वीजा नहीं मिले, जो इस तरह के प्रदर्शनों में शामिल हो सकता है या किसी आतंकी संगठन का समर्थन करता हो। ऐसे छात्रों की पहचान उनके सोशल मीडिया अकाउंट से हो रही है।

वीजा देने से पहले आवेदकों के सोशल मीडिया अकाउंट की जांच करने का प्लान बनाया गया है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर अभी इस संबंध में कुछ नहीं कहा गया है। साथियों बात अगर हम अमेरिका की छात्र वीजा रोक नीति का असर भारत पर पढ़ने की करें तो, भारतीय विदेश राज्य मंत्री ने संसद के 2024 के मानसून सत्र के दौरान एक लिखित उत्तर में विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के बारे में नवीनतम डेटा प्रदान किया। 2024 में विदेश में पढ़ने वाले 1,335,878 भारतीय छात्रों में से लगभग 427,000 कनाडा में और 337,630 अमेरिका में थे, जिससे यह दूसरा सबसे पसंदीदा गंतव्य बन गया अमेरिकी दूतावास के सूत्रों के अनुसार, भारत में अमेरिकी मिशन ने पिछले पांच वर्षों में 2018, 2019 और 2020 की तुलना में अधिक छात्र वीजा जारी किए हैं, जब संयुक्त संख्या एक लाख से भी कम छात्र वीजा थी। विभिन्न अमेरिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए 2022 और 2023 में भारतीय छात्रों को क्रमशः कुल 115,115 और 130,730 छात्र वीजा दिए गए।

हालाँकि 2024 में यह संख्या घटकर 86,110 रह गई, फिर भी छात्र वीजा जारी करने के मामले में भारत पहले स्थान पर है, जो चीन से आगे है, जिसके पास लगभग 82,000 छात्र वीजा थे अमेरिका भारतीय छात्रों के लिए शीर्ष गंतव्य कैसे बन गया? - संयुक्त राज्य अमेरिका 4,000 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के साथ अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है,जिनमें से अधिकांश चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रम प्रदान करते हैं। जबकि कई अमेरिकी संस्थानों को आईईएलटीएस स्कोर की आवश्यकता नहीं होती है, छात्रों को अभी भी अंग्रेजी में अपनी दक्षता साबित करने की आवश्यकता होती है। अमेरिकी अधिकारियों ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों को बढ़ावा देने और अधिक भारतीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए भारत भर में सक्रिय रूप से शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

# चमचों जैसे इंसानी शक्ल के कागजी शेर !

आजकल जहा देखो वहा हरेक नेता, विभाग प्रमुख, समाज प्रमुख, परिवार-घर प्रमुख से लेकर हर मुख को चम्मच की आवश्यकता होती है, और बिना चम्मच के सब अधूरे है। चम्मच असल में सामान्य से लेकर बहुमूल्य धातु की हुआ करती थी जिसमें राजे महाराजे पूंजीपति सोने-चांदी की चम्मच, सामान्य व्यक्ति तांबे-पीतल की चम्मच और गरीब व्यक्ति लोहे स्टील की चम्मच से अपना जीवन गुजर बसर कर लेता था। आज धातुओं की चम्मच का समय बीत गया और उनकी जगह जीते जागते इन्सान ने ले ली और खुद को एक अच्छी और कुशल चम्मच के रूप में प्रतिष्ठित करने पर तुल गया है। कानूनन जो नहीं होना चाहिए वह हम जानबूझकर करते है, विशेषकर संविधान की शपथ लेकर हमारे नेता संविधान को नहीं मानते है और हर जगह हर विभाग में चमचों की शक्ल में एक कागज थमाकर कागजी शेर तैयार करते है जो विधायक-सांसद प्रतिनिधि होते है, असल में कानूनन रूप से इन जनप्रतिनिधियों की गैर मौजूदगी में उस समय के लिए प्रतिनिधित्व करने के अधिकार को प्रतिनिधि काल का पट्टा मान कागजी शेर तैयार हो जाते है, यह ठीक वैसी ही बात हुई जब हमार पूर्वजों के समय भारत देश सोने की चिड़िया हुआ करता था आज के इन नेताओं के कारण अब भारत मिटटी की चिड़िया भर बनकर रह गया है ।एक जमाना था जब इंसान की शक्ल उसकी अक्ल की गवाही ही नहीं बल्कि उसके कार्य क्षेत्र का परिचय भी देती थी और शक्ल देखकर लोग पहचान लेते थे की अमुक व्यक्ति अमुक विभाग का है, या अमुक काम करता है। शक्ल के साथ इंसान का पहनावा भी उसकी पहचान का हिस्सा था जिससे व्यक्ति की जात बिरादरी पता चल जाया करती थी किन्तु आज के इन्सान की शक्ल में इंसान इंसानियत खो चुका है और जहा देखते है सर्वत्र इंसानी शक्ल में चमचे ही चमचे दिखाई देते है जिनकी आस्था जिनका ईमान और जिनका धर्म बस चमचागिरी है। वे चमचागिरी करने से पहले खुद को एक अच्छे चम्मच के रूप में ढाल लेते है, जिन इंसानों की कमर पीठ आपस में मिल रही हो और वे 380 कोण तक झुकने में माहिर हो समझिये वे कुशल और श्रेष्ठ चमचे है। आजकल चमचो को जानना पहचानना बड़ा मुश्किल हो गया है की जो व्यक्ति मेरे साथ है, मेरी हाँ में हां मिलाकर मुझे प्रोत्साहित कर रहा है क्या सच में वह मेरे प्रति निष्ठावान है या किसी की चमचागिरी कर उसके इशारे से मुझे शूली पर चढ़ा रहा है। असल में चमचागिरी इतनी व्यापक और विस्तारित हो गई है जहाँ अपने साथ रहकर अपने से प्रेम जता रहे लोग,क्या सच में अपने साथ है या प्यार जताकर वे अपने विरोधी खेमे से उनके प्यारे चमचे है जिन्हें दुश्मन देश का एजेंट की भाँती अपने दुश्मन में शुमार समझा जाए, क्या यह हमारे लिए गंभीर प्रश्न ही नहीं समस्या नहीं होगी जो अपने आका के लिए चम्मचगिरी कर हमारे प्यार को ठुकराकर गद्दारी का तमगा लेने की दिशा में उसकी सफलता हो। चमचागिरी करने वाले चम्मच बड़े से बड़े रुतवे इनाम में पाते रहे है, आपके लिए उसकी चमचागिरी गद्दारी हो सकती है किन्तु यही गद्दारी का मिथक ओपन न होने की स्थिति में वह इन्सानी शक्ल कुशल चमचे को मात देकर अपने चमचे जैसी शकल को साबित कर चुकी होती है, यह तो आपका दुर्भाग्य है की आप दुसरे के चमचे से मात खा चुके होते है। चमचागिरी से अनेकों को पत्रकार बनते देखा है पर वे पत्रकारभर है, उन्हें लिखना नहीं आता, किन्तु वाक्पटुता में वे नटवरलाल को मात देकर चीन अमेरिका जैसे देशों को भी अपनी बपौती बताकर बेचने में दक्ष है इसलिए वे अपने मुख मियामिट्ठू होते है और लिखने के लिए चम्मच जो मिल जाया करते है। आप अच्छे लेखक, पत्रकार हो सकते है लेकिन चमचागिरी करने वालों के लिए आपकी औकात गेहूं की कटाई में गिरे हुए उस चने से ज्यादा नहीं हैं जो मिट्टी में गिरने के बाद मिटटी का भी हिसाब करने को बाध्य है। उन चम्मच पत्रकारों के रुतवे और उन्हें मिलने वाले तमगो की एक ठोकर भर आपके अस्तित्व को मिटटी में धसा देगी, आपके पाले हुए भ्रम रेगिस्तान में पानी को तरसते हिरण को दौड़ते दौड़ते थका कर बिन पानी प्राण त्यागने से ज्यादा कुछ नहीं है।



आत्माराम यादव

# घरेलू कपड़ा उद्योग में वृद्धि की उम्मीद



विजय गर्ग

पर्यटन और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बाद प्रधानमंत्री ने अब भारतीय वस्त्र उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित निवेशकों के सम्मेलन में उन्होंने मध्य प्रदेश को कपड़ा उद्योग क्षेत्र में 'कपास राजधानी' बताया। इसका कारण यह है कि देश के कुल जैविक कपास उत्पादन का 25 प्रतिशत यहीं से आता है। चंदेरी, माहेश्वरी और खजुराहो जैसे क्षेत्रों में स्वदेशी साड़ियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाता है। यह उद्योग ज्ञान परंपरा और स्वदेशी उपकरणों की मदद से सदियों से चल रहा है। यदि इसमें पर्याप्त पूंजी निवेश के साथ प्रौद्योगिकी आधारित आधुनिकीकरण किया जाए तो न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि इन उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार भी उपलब्ध होगा। ऋग्वेद सहित धार्मिक और ऐतिहासिक ग्रंथों के अध्ययन से पता चलता है कि भारत प्राचीन काल से ही कपास उत्पादन, कपड़ा बनाने और रंगाई में अग्रणी रहा है और इसलिए यहां कपड़े पहनने और लपेटने के कई तरीके प्रचलित रहे हैं। ऋग्वेद तथा अन्य संस्कृत ग्रंथों में भी वस्त्रों का विस्तृत वर्णन मिलता है। इन ग्रंथों में विभिन्न प्रकार की वेशभूषा का वर्णन है। भारत में भूगोल, जलवायु, ऋतु, राशि, जाति और धर्म के आधार पर वस्त्र शैलियों में विविधता है। उत्सवों, खेलों, नृत्यों और युद्ध के दौरान अलग-अलग वेशभूषा पहनी जाती थी। भारत में कपास उत्पादन और उससे वस्त्र बनाने की परंपरा पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुरानी है। कारीगर कपड़े बनाने के लिए चरखे पर कपास कातते थे। वे धागे और कपड़े को रंगने की तकनीक में भी कुशल थे। यह स्पष्ट है कि भारत प्राचीन काल से ही विभिन्न प्रकार के वस्त्र बनाने और पहनने में माहिर रहा है। इसीलिए इसे सूती वस्त्र उद्योग का नाम मिला। यह उद्योग अपनी विस्तृत मूल्य श्रृंखला, स्थानीय कच्चे माल की उपलब्धता और विनिर्माण कला में विशेषज्ञता के कारण विश्व के प्रमुख वस्त्र उद्योगों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। एक ओर, छोटे कारीगर वस्त्र निर्माण में लगे हुए हैं। दूसरी ओर आधुनिक मशीनों से कपड़े बनाने वाले बड़े उद्यमी भी सक्रिय हैं। जब अंग्रेजों ने व्यापार के बहाने इस उद्योग पर अपनी नजरें गड़ाईं तो उन्होंने इस पारंपरिक हस्तकला को नष्ट कर दिया और ब्रिटेन से लाई गई मशीनों से कपड़े का उत्पादन शुरू कर दिया। 1818 में कोलकाता के पास फोर्ट ग्लूसेस्टर में पहला सूती वस्त्र उद्योग स्थापित किया गया था। इसके बाद 1854 में मुंबई में बॉम्बे स्पिनिंग मिल की नींव रखी गई। आज देश में करीब 3400 कपड़ा उद्योगों के जरिए 10 करोड़ लोग अपनी आजीविका कमा रहे हैं। इसके अलावा बड़े पैमाने पर कपड़ा उत्पादन हथकरघा, हस्तशिल्प, लघु विद्युत करघे और पारंपरिक तरीकों से भी किया जाता है। ये लघु एवं कुटीर उद्योग स्थानीय स्तर पर लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। इस उद्योग में कपास, प्राकृतिक और मानव निर्मित रेशे, रेशम आधारित कपड़े और बुने हुए कपड़े शामिल हैं। भारत के कुल निर्यात में वस्त्र उद्योग का योगदान 4.5 प्रतिशत है तथा निर्यात आय में इसका योगदान 15 प्रतिशत है। हालाँकि, विदेशी वस्त्रों के आयात ने इस घरेलू उद्योग को कमजोर कर दिया है। निर्यात में भी गिरावट आई है। बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश कपड़ा निर्यात में भारत से आगे निकल गए हैं। मध्य प्रदेश पहले से ही वस्त्र निर्माण में अग्रणी रहा है। ग्वालियर में जे.सी. मिल्स, इंदौर में हुकमचंद मिल्स और उज्जैन में विनोद मिल्स जैसे बड़े कपड़ा उद्योग सत्तर के दशक तक सक्रिय थे। लेकिन कर्मचारी संगठनों की हड़तालों ने उन्हें लगभग नष्ट कर दिया। बिड़ला का कपड़ा उद्योग आज भी नागदा में मौजूद है। इसके अलावा चंदेरी और महेश्वर में हाथ से चरखे चलाकर बड़े पैमाने पर साड़ियों का उत्पादन जारी है।

# बच्चों ने सीखा किचेन गार्डेन व बागवानी करने का कौशल

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** ए.एच.एग्री. इंटर कालेज दुधारा में आयोजित समर कैंप के नवे दिन बच्चों को किचेन गार्डेन व बागवानी के लाभ व उसको विकसित करने का कौशल सिखाया गया। पुराने कलर चार्ट पेपर से गुलदस्ता व सजावटी फुल बनाने के तरिके भी सिखाये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक जुबेर अहमद व संचालन नोडल शिक्षक कमरे आलम सिद्धिकी ने किया। गर्मी को देखते हुए कल से कैम्प प्रातः 7 से 9 बजे तक चलेगा। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने बताया कि बच्चों घरों में छोटी-छोटी सब्जियों की बागवानी का शौक रखना चाहिए। अगर आपके घर के सामने थोड़ी सी जमीन है तो उसे यूं ही खाली ना जाने दें और उसका उपयोग करें। तुलसी के पत्ते हों या मीठे नीम की पत्तियों, घर में किचन गार्डन होने पर आपको ये आसानी से मिल जाते हैं। आपको इन छोटी-छोटी हर्बल चीजों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। किचन गार्डन होने पर आपको पता रहता है कि आप क्या खा रहे हैं। आजकल बाजार में पेस्टिसाइड मिली हुई साग व सब्जियां मिलती है, लेकिन घर पर उगी हुई सब्जी, सही होती है।किचन गार्डन में उगी सब्जियों को बनाने से आपका बजट मेंटेंन रहता है. ये सब्जियां अच्छी और सस्ती होते हैं। उन्होंने कहा कि आप मन मुताबिक समय पर उन्हे तोड़कर बना सकते हैं। घर पर तुलसी, धनिया और पुदिना जैसी चीजें उगाएं। इन्हे खाएं, जिससे आपको कई रोगों में आराम मिलेगा। बुखार, अस्थमा, फेंफड़ों के रोगों आदि में ये फायदा करती हैं। ये सब आपको हेल्दी बनाती हैं। बागवानी करने से तनाव कम होता है। आपका दिमाग उसी में लगा रहता है जिससे आप इधर उधर की बातें सोच नहीं पाते हैं। घर में किचन गार्डन होने से कीट आदि कम पैदा होते हैं क्योंकि खाली जगह का सदुपयोग हो जाता है। साथ ही कुछ विशेष प्रकार के पौधे, कीटों को भागने में सक्षम होते हैं। कार्यक्रम से पूर्व छात्राओं को योगाभ्यास भी कराया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, फसीयुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, मुहम्मद परवेज अख्तर, औबेदुल्लाह, ओजैर अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोगों मौजूद रहे।

## डिलीवरी लापरवाही में बच्चेदानी फटी, गर्भ में शिशु की मौत

**शिकारपुर।** नगर शिकारपुर क्षेत्र में डिलीवरी के दौरान लापरवाही में प्रसूता की बच्चेदानी फट गई और गर्भ में ही शिशु की मौत हो गई। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी नंदकिशोर पुत्र चरण सिंह ने सीएमओ और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी पुत्री नेहा को डिलीवरी हेतु शिकारपुर की शिव लोक कॉलोनी में डॉक्टर शीला देवी के यहां भर्ती कराया गया था। आरोपित है कि दर्द बढ़ाए जाने की ओवरडोज दवा देने के कारण गर्भ में बच्चे की मौत हो गई और बच्चेदानी फट गई। हालत बिगड़ने पर उसे बुलंदशहर स्थित निजी चिकित्सक को दिखाया गया। प्रसूता के परिजनों ने सीएमओ और पुलिस से मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# रुचिकर शिक्षण गतिविधियों का विद्यालयों में हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**संत कबीर नगर।** विकास खंड सेमरियावां के खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह की देख रेख में ब्लॉक के 62 जूनियर एवं कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप संचालित हैं।विद्यालय के अनुदेशक ,शिक्षामित्र एवं सहयोगी शिक्षक द्वारा संचालित किया जा रहा है। समर कैंप के आठवें दिन बुधवार को कंपोजिट विद्यालय सेमरियावां ,बाघनगर, महुआरी, करही, दुधारा, भंगुरा, कोहरियावां, तिनहरी, आदि स्कूलों में छात्र छात्राओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और जीवन कौशल के विकास हेतु आनंददाई अनुभवात्मक शिक्षण गतिविधि आयोजित की गई। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। नोडल संकुल शिक्षक जफीर अली द्वारा छात्र छात्राओं को स्वच्छता अभियान, फिटनेस एवं इनडोर खेल ,आनंददायक शिक्षण गतिविधियां, स्कूल में लगे पेड़ पौधों को गर्मी से बचाव हेतु जल आपूर्ति, कहानी वाचन का अभ्यास कराया गया। बच्चों को प्रत्येक दिन वार्मअप, खेल एवं गणित संबंधी बातचीत, शब्दिक सवाल कहानी वचन अभ्यास आदि प्रोग्राम कराए जाते हैं।नोडल संकुल शिक्षक सेमरियावां जफीर अली, अब्दुर्रहीम, जुनेद अहमद, मनोज कुमार अनिल, इक्तेदार अहमद, जावेद अहमद, कहकशां खातून, सुरजन गोंड, खुर्शीद अहमद, सुशील शर्मा, आदि मौजूद रहे। नेशनल इंटर कॉलेज, मूंडाडीहा बेग में समर कैंप के आठवें दिन बुधवार को प्रिंसिपल मुजीबुल्लाह के नेतृत्व में समर कैंप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर योग एवं व्यायाम, विभागों के कार्य, प्रार्थना पत्र ड्राफ्टिंग, साइबर सुरक्षा की जानकारी एवं आइस ब्रेकर खेल के बारे में विद्यालय में गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री मंशाउलहक, निसार अहमद, मोहम्मद आजम आदि उपस्थित रहे।

## कल्याणं करोति द्वारा संचालित प्रकल्प ने जनमानस को नई दृष्टि देने का कार्य किया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** परम पूज्य स्वामी महेषानन्द सरस्वती महाराज की दिव्य प्रेरणा से, हेमचन्द शोरेवाला के सौजन्य से श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता स्वयं पूज्य स्वामी श्री महेषानन्द सरस्वती महाराज ने की। उन्होंने नेत्र रोगियों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लजिस व्यक्ति की दृष्टि स्पष्ट होती है, उसका विवेक जागृत होता है और वही समाज में प्रकाश फैलाने का माध्यम बनता है। सेवा ही सच्ची साधना है, और यह प्रकल्प उसी का उदाहरण है। श्री अजय अग्रवाल (फैडरेषन ऑफ आल इण्डिया प्रदेश उपाध्यक्ष, व्यापार मण्डल) ने कहा कि कल्याणं करोति जैसी संस्थाएं समाज की वह अदृश्य रीढ़ होती हैं जो बिना किसी प्रचार के, निरंतर सेवा कार्यों में लगी रहती हैं। नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में इनका योगदान अत्यंत सराहनीय है। विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों के उन रोगियों के लिए, जो आर्थिक अभाव में उपचार नहीं करा पाते, कल्याणं करोति आशा की किरण बनकर सामने आई है। महासचिव श्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि परम पूज्य स्वामी श्री महेषानन्द सरस्वती महाराज की दिव्य प्रेरणा से श्री हेमचन्द्र शोरेवाला जी के सौजन्य से श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस सेवा कार्य में दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से आए लगभग 201 नेत्र रोगियों ने परामर्श एवं नेत्र परीक्षण की सुविधाएं प्राप्त कीं।

## कोंग्रेसियों ने पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह को किये श्रद्धासुमन अर्पित

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत की अध्यक्षता में किसान कांग्रेस के पदाधिकारी कांग्रेसी कार्यकताओं के द्वारा चौधरी चरण सिंह अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए तथा कलेक्ट्रेट स्थित उनकी प्रतिमा पर उन्हें माल्यार्पण व पुष्प चढ़कर अपनी भावांजलि दी *किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत* के द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे और उनके द्वारा किसानों के लिए सदैव लड़ाई लड़ी गई तथा उनके द्वारा भूमि सुधार कानून का मसौदा तैयार कर उसे पारित भी कराया गया चौधरी चरण सिंह चकबंदी अधिनियम बाबू में सुधार अधिनियम के समर्थक थे जिसके चलते राज्य जमींदारी प्रथा समाप्त हुई तथा जोतदारों को अपना अधिकार मिला तथा जोतदारों को सशक्त बनाया और वह देश के प्रधानमंत्री भी रहे चौधरी चरण सिंह जी के द्वारा किसानों के हित में कई कार्य किए गए जिस कारण से उन्हें किसानों के मसीहा के रूप में पुकारा जाने लगा चौधरी चरण सिंह के द्वारा जो कार्य किसानों के हित में किए गए हैं उन कार्यों को बुलाया नहीं जा सकता है चौधरी चरण सिंह जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके पद चिह्नो का अनुसरण करें तथा उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारें ।

## भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाती है भागवत : आचार्य मनीष गगार्चार्य



वेलकम इंडिया

**मथुरा/बलदेव।** विकास खंड बलदेव के गांव अवेरनी स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर श्रीमद भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। 51 कलशों को लेकर महिलाओं ने ग्राम की भजन संकीर्तन के साथ परिक्रमा की। प्रथम दिन भागवत कथा में प्रवचन करते हुए भागवताचार्य आचार्य मनीष गगार्चार्य ने श्रीमद् भागवत की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत भगवान विष्णु के भक्तों का वर्णन करती है। यह भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाती है। साथ ही परम तत्व की प्राप्ति का रास्ता बताती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा प्रेत योनि से मुक्ति दिलाती है। उन्होंने बताया कि वेद व्यास जी भगवान विष्णु के ही अवतार हैं। वेद व्यास ने वेद, पुराण और शास्त्रों की रचना की। लेकिन उन्हें शांति नहीं मिली। नारद जी के कहने पर उन्होंने श्रीमद् भागवत की रचना की।उन्होंने कलयुग में मनुष्य की घटती आयु पर चिंता जताई। कहा कि पहले जहां 100 साल की आयु थी, अब वह घटकर 75 साल रह गई है। इसलिए लोगों को गृहस्थ आश्रम के साथ-साथ भगवान की आराधना भी करनी चाहिए। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ.जगदीश पाठक व युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने भागवत वक्ता आचार्य मनीष गगार्चार्य जी का सम्मान किया। इस अवसर पर आश्रम के महंत प्रताप गिरी जी महाराज, संजू , तारा, विकास ब्रजवासी, वीरेंद्र सिंह , महावीर सिंह श्याम सिंह चौधरी, दीपक गोयल, ओमवीर सिंह ,प्रमोद शास्त्री, मनोज बृजवासी आदि ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री और रेल प्रशासन से शिकायत के जल भराब व जाम लेकर जिला प्रशासन हुआ गंभीर

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जाम और जल भराव को लेकर जिला प्रशासन हुआ गंभीर बृज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित व रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य देबू लाल गुप्ता से संयुक्त रूप से पिछले दिनों मुख्यमंत्री , रेल प्रशासन शिकायती पत्र भेजे जाने के बाद जिला प्रशासन हुआ सक्रिय कल मथुरा जिले के जिलाधिकारी के नेतृत्व में आला अधिकारियों ने जगह-जगह का किया निरीक्षण बनाई अपनी रिपोर्ट नए बस स्टैंड पर जाम जल भराब को लेकर बनाया प्लान साथ ही रेल अधिकारियों ने रेलवे पुल के चौड़ीकरण की मांग को माना । मथुरा में जल भराव की समस्या से शीघ्र ही समस्या लोगों को समस्या से मिलेगी राहत ।

# रानी अहिल्याबाई का जीवन महिला सशक्तीकरण एवं सनातन धर्म को समर्पित था : विनोद सोनकर

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया




**प्रतापगढ़।** कुंडा। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव में जन्मीं सामान्य परिवार की बेटी अपने संघर्षों के बल पर राजा के घर की बहू बनती है। यही नहीं ऐसा भी दिन आया जब पति असमय मृत्यु हो गई। उस समय देश में सती प्रथा चल रही थी। रानी अहिल्याबाई होल्कर ने सती प्रथा को त्याग कर राजपाठ ग्रहण करने के बाद देश में ऐसा शासन किया कि इतिहास बन गया। एक राजा का क्या कर्तव्य होना चाहिए उसे रानी अहिल्याबाई होल्कर ने करके दिखाया। यही नहीं मुगल काल में हमारे देश में धार्मिक स्थलों को तोड़ा गया। काशी विश्वनाथ से लेकर देश के प्रमुख 3000 से अधिक मन्दिरों का जीर्णोद्धार कराया। पूरे देश में सडकों का जाल बिछाया। रानी अहिल्याबाई होल्कर का पूरा जीवन महिला सशक्तीकरण एवं सनातन धर्म को समर्पित था। उक्त बाते कौशांबी के निवर्तमान सांसद विनोद सोनकर ने गुरुवार को नगर पंचायत मानिकपुर में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। श्री सोनकर ने आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में महिला सशक्तीकरण को लेकर आधी आबादी को आगे बढ़ाने के लिए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा ही नहीं दिया। यह हम लोगों का संकल्प है। जिन महापुरुषों का अनदेखा किया किया गया। आज यशस्वी प्रधानमन्त्री के नेतृत्व में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जन्म जयंती मनाई जा रही है। नगर पंचायत मानिकपुर एवं नगर पंचायत हीरागंज बाजार में पूर्व सांसद विनोद सोनकर ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, सरोज त्रिपाठी, चेयरमैन चन्द्र लता जायसवाल, प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल, उदय शंकर पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र मौर्य, सन्तोष तिवारी, सुशील पाण्डेय, राम मूरत पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## किडजी प्ले स्कूल में समर केम्प का सफल आयोजन संपन्न



वेलकम इंडिया

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर शांति कालोनी स्थित किडजी एवं जेड बी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गर्मी की छुट्टी के दौरान चार दिवसीय समर कैंप के आखिरी दिन सुरक्षित और आनंददायक माहौल में पूल पार्टी का आनंद लिया ।म्यूजिक की धुन पर नहाते हुए नौनीहालों ने जमकर डांस किया। इस मौके बच्चों ने समर ड्रिंक एवं समर स्पेशल व्यंजन का लुत्फ उठाया। 26 मई से शुरू हुए केंप में नौनीहालों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, फन गेम्स, सिनेमा शो, योगाभ्यास, पूल पार्टी और डांस का जमकर लुत्फ उठाया ।समर कैंप में बच्चों को खेल-खेल में काफी चीजे सिखने को मिली, समर कैंप के आखिरी दिन बाथटब और फव्वारा लगाकर स्कूल प्रबंधक की तरफ से पूल पार्टी आयोजित की गई थी। स्कूल प्रबंधक शौएब खान ने बताया कि समर कैंप विभिन्न खेल और कला सीखने का माध्यम है जिसमें बच्चों को खेल -खेल के माध्यम से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। समर कैंप के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य आयुषी गोयल, पूनम गोयल, अफशा खानम, दीक्षिका, राजमनी, नीलोफर खान, सुम्बुल खान, आदि अध्यापिका उपस्थिति रही।

# प्यासे को पानी पिलाना पुनीत सेवा कार्य : जांगिड़

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर, राजस्थान।** भीषण गर्मी के इस दौर में आमजन व राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था को लेकर गुरूवार को जन कल्याण संस्थान बाड़मेर की ओर से श्री गणेश सैनेट्री, बाड़मेर के सौजन्य से स्कूल नं. 04 के ओवरब्रिज के नीचे मोहनलाल जांगिड़, भामाशाह संजय श्रीश्रीमाल तेजमालता एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में नवम् शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ हुआ। साथ ही जल प्याऊ पर पंछियों के लिए चबूतरे व परिण्डों की भी व्यवस्था की गई। संस्थान के हरीश बोथरा ने बताया कि जन कल्याण संस्थान की ओर से थार नगरी, बाड़मेर में आमजन को भीषण गर्मी में राहत देने को लेकर लगातार शीतल जल प्याऊ लगाई जा रही है। संस्थान की ओर से 9वीं शीतल जल प्याऊ स्कूल नं. 04 ओवरब्रिज के नीचे श्री गणेश सैनेट्री के सौजन्य से स्थापित की गई। इस दौरान गणमान्य अतिथि व आम नागरिक उपस्थित रहे। बोथरा ने बताया कि संस्थान की ओर से जन-सहयोग से अलग-अलग शीतल जल प्याऊ पर प्रतिदिन 140 से अधिक पानी कैम्पर की व्यवस्था की जा रही है। वरिष्ठ नागरिक मोहनलाल जांगिड़ ने शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ करते हुए कहा कि प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। और ऐसी भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी की सेवा देना बहुत नेक व सहरानीय कार्य है। जांगिड़ ने कहा कि हम सबका दायित्व बनता है कि ऐसे विकट समय में हम सब मिलकर, सहकार भाव रखकर प्राणी मात्र की सेवा करें। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि मनुष्य जीवन की सार्थकता प्राणी मात्र की सेवा और उनके कल्याण में समर्पण में ही है। हमें स्वयं जीवन के लिए कार्य करने के साथ-साथ अन्य जीवों के कल्याण के लिए भी सेवा कार्य करने की जरूरत है। ताकि प्रकृति में सबको सुखद जीवन जीने का अवसर मिल सके। कार्यक्रम में राजस्थान पेन्ट्स के मोहनलाल जांगिड़, बाबुलाल संखलेचा, मोहनलाल जैन मोढ़ा, भामाशाह संजय श्रीश्रीमाल, सोहनलाल श्रीश्रीमाल, संस्थान मुकेश बोहरा अमन, जन प्रतिनिधि प्रवीण संठिया, सवाई भादरेश, हरीश बोथरा, मुकेश धारीवाल, रमेश कुमार, धर्मचन्द भंसाली, स्वरूप भंसाली, कल्याणसिंह, सुमेरसिंह सहित बड़ी संख्या में सेवा भावी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर में विशेष सफाई अभियान के तहत चेयरमैन ने खुद संभाली झाडू की कमान



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/बुलंदशहर** /पुण्यश्लोक ₹रानी अहिल्याबाई होल्कर₹ की 300 वीं जयन्ती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मलेन एवं विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश प्राप्त हुए है। इसी क्रम में आज दिंनाक 29 मई 2025 को वार्ड 06 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमें अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिकारपुर राजबाला देवी द्वारा भी सफाई अभियान में अपना सहयोग प्रदान किया इस मौके पर सभासद सुहैल ठाकुर उर्फ बिट्ठू, लिपिक सफाई प्रभारी धीरज शर्मा, रितिक शर्मा आँचल रानी व सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# बिजली के निजीकरण को लेकर धरना प्रदर्शन किया

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** कार्यक्रम की अध्यक्षता इं0 मुकेश गुप्ता ने करते हुए सभा को सम्बोधित किया, नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मचारियों ,जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओ ने उत्तर प्रदेश में 42 जनपदों के किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। उप्र के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर आज बिजली कर्मचारियों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन कर अपने आक्रोश को व्यक्त किया । विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी ई0 के0एन0 शुक्ला ने बताया कि यह चर्चा है कि निजीकरण हेतु नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को झूठा शपथ पत्र देने के बावजूद निदशक वित्त श्री निधि नारंग ने उसे क्लीन चिट दे दी है। उल्लेखनीय है कि इंजीनियर ऑफ कांट्रैक्ट ने झूठा शपथ पत्र देने के मामले में ग्रांट थॉर्टन का नियुक्ति आदेश रद्द करने की सिफारिश की थी। इसे न मान कर अब अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देकर निजीकरण की प्रक्रिया तेज की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि प्रबंधन की निजी घरानों से मिली भगत है। इसीलिए तीसरी बार श्री निधि नारंग को सेवा विस्तार दिया गया है । उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़ों देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है जिससे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी विगत 06 माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी श्री सुनील प्रजापति बताया ने कि उत्तर प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड रुपए का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है ।इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10000 करोड रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त भार आ रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागो पर 14400 करोड रुपए का बिजली राजस्व का बकाया है। उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार किसानों को मुफ्त बिजली दी जाती है, गरीबी रेखा से नीचे के बिजली उपभोक्ताओं को 03 रुपए प्रति यूनिट की दर पर बिजली दी जाती है जबकि बिजली की लागत रुपए 07.85 पैसे प्रति यूनिट है। बुनकरों आदि को भी सब्सिडी दी जाती है। सब्सिडी की धनराशि ही लगभग 22000 करोड रुपए है। उत्तर प्रदेश सरकार इन सबको घाटा बताती है और इसी आधार पर निजीकरण का निर्णय लिया गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी श्री पवन बारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में किए जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में आज देशभर में 27 लाख बिजली कर्मचारियों ने सभी जनपदों और परियोजनाओं पर भोजन अवकाश के दौरान सड़क पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के साथ अपनी एकजुटता दिखाई।

# मृदा स्वास्थ्य कार्ड पाकर खिले किसानों के चेहरे



वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत नेशनल प्रोजेक्ट आन स्वायल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी (मृदा स्वास्थ्य कार्ड) कार्यक्रम के तहत मृदा नमूना एकत्रीकरण के पश्चात अब किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण प्रारंभ हो गया है।जनपद के उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल निदेर्शानुसार एवं सहायक निदेशक (मृदा परीक्षण) राजेश कुमार राय के दिशा निर्देशन में बृहस्पतिवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान काशी विद्यापीठ विकास खण्ड के रामसीपुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की उपस्थिति में कृषि विभाग की तकनीकी सहायक अनामिका पटेल के द्वारा कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया ।इस दौरान तकनीकी सहायक ने उपस्थित किसानों को कृषि कार्यों में मृदा स्वास्थ्य कार्ड का महत्व समझाते हुए मृदा परीक्षण के आधार पर तैयार किये गये मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ही खेतों में संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में एक किशोर सहित पांच घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो स्थानों पर सड़क हादसे में चार लोगों सहित एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है ।थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी संजय कुमार गांव में ही किरयाना की दुकान पर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। बृहस्पतिवार सवेरे संजय कुमार गांव के ही कालू की ई रिक्शा में सवार होकर कस्बे से सामान खरीदने के लिए आ रहा था। गांव के बस अड्डे से गांव का ही सुरेंद्र भी ई रिक्शा में बैठ गया ई रिक्शा में सवार तीनों लोग जैसे ही दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में टक्कर लगने से तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। दुसरी और कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी मुंसाद बाइक पर सवार होकर कैराना की ओर से कस्बे में आ रहा था जैसे ही बाइक सवार नवीन सब्जी मंडी के समीप पहुंचा तो सड़क पार कर रहा मोहल्ला शांति नगर निवासी श्रीपाल का 10 वर्षीय पुत्र वंश बाइक की चपेट में आ गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के दिल्ली बस अड्डे पर राष्ट्रीय लोकदल व किसानों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि हवन यज्ञ कर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाई। कई लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रतन चौधरी चरण सिंह की 38 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड स्थित राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं ने पहुंचकर हवन यज्ञ कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव बिजेंद्र मलिक ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि चौधरी साहब हमेशा कहते थे कि भारत की खुशहाली का रास्ता गांव और खेतों से होकर गुजरता है अगर किसी देश की समृद्धि का आकलन करना है तो शहरों की चकाचौंध से बाहर निकाल कर गांव की असल स्थिति देखनी चाहिए।इस दौरान किसानों के लिए किए गए संघर्षों को याद कर उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। जिला पंचायत सदस्य अरविंद पवार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह किसान मसीहा थे वह सदैव किसान मसीहा रहे उन्होंने जीवन भर किसान, मजदूर और कमेरा वर्ग के लिए काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में सराहनीय कार्य किए जिला पंचायत सदस्य ने उनके जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कपिल पवार, बलवान चौधरी, यशवीर सिंह, साजिद सलमानी, विनोद प्रधान, जय कुमार, इरफान तुर्की, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# सीमा मिगलानी ओर स्टाफ सहित किया पौधारोपण




वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने रविवार को अपनी पत्नी डॉ. सीमा मिगलानी के साथ हवन किया। इसके बाद उन्होंने अपने आवास के परिसर में पौधे रोपे। हवन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह, प्रो. विजय कुमार और डॉ. नवीन पिपलानी ने उपस्थित रहे। इसके बाद कुलपति ने अपने आवास के परिसर में 10 फलदार पौधे लगाए गए। कुलपति ने विश्वविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि वे विश्वविद्यालय में अकादमिक गतिविधियों और शोध कार्यों को आगे बढ़ाएं। विद्यार्थियों के लिए पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य करें। पौधारोपण कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर सुशांत यादव उपस्थित रहे।

# फरीदा बांगर में नव निर्मित मंदिर में की गई, शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

वेलकम इंडिया



**ऊंचागांव :** फरीदा बांगर में नव निर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार और अंजनी पुत्र हनुमान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भक्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। आयोजन को लेकर नव निर्मित मंदिर परिसर को विद्युत झालरों और रंग बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर की सजावट ने श्रद्धालुओं को आकृषित किया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में समस्त ग्रामवासियों के साथ साथ दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह की शुरूआत बुधवार की सुबह 10 बजे हुई। इस दिन मंदिर से शौभायात्रा निकाली गई। शौभायात्रा नव निर्मित मंदिर से प्रारम्भ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मन्दिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में श्रद्धालु ढोल नगाड़ों और भजन कीर्तन के साथ शामिल हुए। समस्त ग्रामवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा और गुलाल लगाकर शौभायात्रा का स्वागत किया। पूरा गांव फरीदा बांगर भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। 25 मई की सुबह से मंदिर परिसर में शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष पूजा अर्चना शुरू हुई। इस पूजा में दूर दराज से आए साधू संतों और महाविद्वानों ने भाग लिया। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शिव परिवार और अंजनी पुत्र हनुमान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पूजा के बाद सुबह 11 बजे हवन हुआ। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं, और धर्म का लाभ लिया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद दोपहर भंडारे का आयोजन भी हुआ। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण किया। इसमें समस्त ग्रामवासियों के साथ साथ आस पास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं के लिए बैठने और भोजन की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई।

# इंफोसिस फाउंडेशन ने मेधावी विद्यार्थियों व आचार्यों को किया पुरस्कृत




वेलकम इंडिया

**स्याना.** कस्बे खानपुर में स्थित लाला रामसरन दास सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी विद्यार्थियों व आचार्यों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उक्त स्कूल के 22 विद्यार्थी व 5 आचार्यों को सम्मानित किया गया। इंफोसिस फाउंडेशन ने उक्त स्कूल के 500 बच्चों को गत कई माह से दूध व केला बांटकर उनके स्वास्थ्य मे सुधार कर रही है। फाऊंडेशन की ओर से कक्षा 10 के छात्र कपिल 88.6 प्रतिशत विपिन कुमार 83.17 रश्मि 81.17 प्रथम द्वितीय व तृतीय के भी कक्षा 1 से 10 तक के सभी मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। आचार्य दिनेश कुमार चंद्रपाल सिंह हेमंत सिंह सुनील कुमार व आचार्या नीतूको विशेष कार्य के लिए पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया। इंफोसिस नोएडा व गुरूग्राम के डेवलपमेंट हेड रिशी प्रताप प्रताप सिंह ने अपने संबोधन मे कहा कि जो भी बच्चा 80 प्रतिशत से अधिक अंक लायेगा उसे भी पुरूस्कृत किया जायेगा। इस मौके पर ट्रस्ट से आये अधिकारी राजेश कुमार गुरमीत सिंह कपिल वीर व मास्टर सुरेन्द्र कुमार गजेन्द्र सिंह रमेश चंद्र योगेश कुमार सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# विवाहिता ने कराया हत्या का प्रयास, दुष्कर्म, अतिरिक्त दहेज का अभियोग दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पति सहित ससुराल के आधा दर्जन लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने पर अभियोग दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर जेठ के विरुद्ध दुष्कर्म पति सहित अन्य ससुरालियों पर हत्या का प्रयास, अतिरिक्त दहेज, मारपीट व अन्य धाराओं में अभियोग दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने एसपी शामली राम सेवक गौतम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 14 सितंबर 2023 को कस्बा थानाभवन के मोहल्ला अशरफ कॉलोनी निवासी वाजिद पुत्र निस्ताक के साथ हुई थी। आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद तो ठीक रहा मगर पति सहित ससुराल पक्ष के लोग दहेज में दिए गए सामान से खुश नहीं थे और पीड़िता को आए दिन अतिरिक्त देश की मांग करते हुए यूट्यूब पर किन्नरो की वीडियो दिखाकर पीड़िता का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करते हुए यातनाएं देने लगे। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका जेठ साजिद पीड़िता पर बुरी नजर रखता था और 6 माह बाद एक दिन मौका पाकर उसके कमरे में घुस आया और जबरदस्ती चाकू की नोक पर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गाँव-गाँव तक पहुंचेगी शोध और तकनीक की जानकारी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** सरकार द्वारा किसानों को उन्नत खेती की जानकारी देने फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटो से बचाव की जानकारी और उत्पादन में वृद्धि के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गाँव-गाँव तक कर्षि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उचित परामर्श और उनकी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि, मृदा तकनीकी परीक्षण सम्बन्धी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी जाएगी। कृषि विज्ञान केन्द्र, काफलीगैर में विकसित कृषि संकल्प अभियान का मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने विधिवत शुभारंम्भ किया। मुख्य अतिथि शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम मिले, साथ ही किसानों की आर्थिकी मजबूत हो, उत्तराखण्ड प्रदेश में उत्पादित फसलों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय बाजार में उचित दाम मिले इसके लिए वैज्ञानिक खेती करने का आहवाहन किया। जिससे की उत्पादन में बढ़ोत्तरी एवं श्रम एवं समय की बचत हो। साथ ही उन्होने प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात की उन्होंने कहा कि संकल्प अभियान में कर्षि वैज्ञानिकों द्वारा प्रत्येक गांव गांव पहुंचकर किसानों को मृदा शक्ति के आधार पर उनकी फसलों को कीटों से होने वाले नुकसान और अत्यधिक पैदावार के लिए आधुनिक खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी।साथ मौके पर ही किसानों की सिंचाई एवं अन्य समस्याओं का समाधान भी किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. राज कुमार ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ गाँव गाँव जाकर किसानों को प्राकृ तिक खेती, मृदा स्वास्थ, जल संरक्षण बेमौसमी सब्जी उत्पादन, मत्स्य पालन, पौध संरक्षण के प्रति जागरुक किया जायेगा।

# आपदा ग्रस्त गांव सेरी के 9 आपदा पीड़ित परिवार जल्दी होंगे बिस्थापित

वेलकम इंडिया



**कांडा।** पंकज डसीला, कांडा तहसील क्षेत्र के सेरी गांव के आपदा पीड़ित नौ (9) परिवारों को जल्दी ही विस्थापित किया जाएगा ।विस्थापन हेतु जल्द भूमि आंवटित होगी। भूमिके चयन के लिए प्रशासनिक टीम पहुंची। सेरी गांव के समीप चयनित भूमि का भूगर्भीय बैज्ञानिको ने निरीक्षण किया।? सेरी गांव में आपदा प्रभावित नौ परिवार में मंगला देवी पत्नी धन राम,रेनू देवी पत्नी तेज राम,विमला देवी पत्नी लछ्म राम,सुनीता देवी पत्नी हरीश राम ,चम्पा देवी पत्नी टीम राम ,नीमा देवी पत्नी गोपाल राम ,भागुली देवी पत्नी हर राम वंदना देवी पत्नी राजेंद्र सिंह,माधवी देवी पत्नी प्रताप राम को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने के लिए उपजिलाधिकारी कांडा ललित मोहन तिवारी, तहसीलदार नितिक्षा, राजस्व निरीक्षक पप्पू लाल टम्टा,वन विभाग रेंजर प्रदीप कांडपाल राजस्व उपनिरीक्षक गौतम कनवाल की मौजूदगी में संयुक्त निरीक्षण टीम ने किया गया।एसडीएम तिवारी ने बताया कि आपदा प्रभावितों को जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा ।जल्द विस्थापन कराने की प्रक्रिया कराई जाएगी।

# हाथरस में अवैध तरीके से संचालित आरा मशीन बनी हरियाली की दुश्मन, सकंट से जीवन अस्त व्यस्त

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** जिले में हरी लकड़ी का कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लकड़ी काटने के सक्रिय ठेकेदार लकड़हारा मजदूरों से हरे पेड़ों का कटान कराकर जिले की विभिन्न टालों और आरा मशीनों पर भेज रहे है।

शहर की सबसे नामचीन बड़ी टाला और आरा मशीन चामड गेट के नाम से जानी जाती है। यहां के संचालक ₹कालेर भाई साहब के नाम से जाने जाते हैं। इनकी चावड गेट पर लकड़ी की टाल बहुत लंबाई चौड़ाई की जगह में फैली हुई है। यहां पर अलग-अलग जगह पर लकड़ी के चट्टान लगे हुए हैं। सवाल यह उठता है कि जब लकडियों का कटान नहीं हो रहा है तो रोजाना बड़े स्तर पर लकड़ी इन टालो पर कहां से आती है। कई बार ट्रैक्टर व छोटा हाथी अन्य वाहनों में नीम की लकड़ी देखी गई है। लेकिन यहां के अधिकारी को सूचना देकर भी बताए जाने पर वह अन्य किसी पेड़ की लकड़ी को बताकर टाल देते हैं। लकड़ी कटान के माफियाओं का लिंक सीधा वन विभाग कार्यालय से जुड़ा हुआ है। जिले में लकड़ी का कटान शहर के मथुरा रोड, इगलास अड्डा से इगलास रोड, सासनी चौराहे से अलीगढ़ रोड, बिजली मील कॉटन से मेंडू सिकंद्राराऊ रोड़ और कैलोरे चौराहे से महौ, मुहब्बत पुरा जलेसर वाले रोड, चामड गेट से लाड़पुर जलेसर रोड, तालाब चौराहे से आगरा रोड और कोटा कपूरा आदि इन सभी क्षेत्रों में लकड़ी का कटान होता है। लकड़ी कटान के ठेकेदार लकड़हारा मजदूरों से हरे पेड़ों को कटवाकर बगीचे में ही डाल देते हैं। और जब वह सूख जाते हैं तो उन्हें आरा मशीनों को भेज दिया जाता है। दिन सहित भोर सुबह और देर शाम व रात्रि में लकड़ी के वाहन लकड़ी से लादकर जाते हैं। जिनको कभी-कभी पन्नी और तिरपाल से ढांककर लकड़ी लेकर वाहन गुजरते हैं। अवैध आरा मशीनों के संचालन में सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी और थाना पुलिस अवैध आरा मशीनों को नहीं बंद करा रहे हैं यदि अवैध आरा मशीनों को बंद कर दिया जाए तो लाखों से अधिक की काली कमाई में बाधा उत्पन्न होगी जिससे वन विभाग के अधिकारी अवैध आरा मशीनों पर कार्यवाही करने को तैयार नहीं दिख रहे हैं जिले के विभिन्न क्षेत्र में कई दर्जन से अधिक अवैध आरा मशीनों का संचालन प्रतिदिन विभागीय संरक्षण में हो रहा है अवैध तरीके से संचालित आरा मशीन को स्थानीय थाना पुलिस का भी संरक्षण मिलता है इन आरा मशीनों के संचालन के लिए हरे फलदार पेड़ की लकड़ियों को लकड़ी माफिया द्वारा बेखौफ तरीके से काटकर आरा मशीनों में प्रतिदिन पहुंचाया जा रहा है ना तो पेड़ के कटान का परमिट लिया जाता है और ना ही लकड़ी को इधर-उधर ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट लिया जाता है नियमों की बात करें तो हरे पेड़ के कटान का परमिट मिल ही नहीं सकता है। लेकिन फिर भी बेखौफ तरीके से जिले के तीन दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया सैकड़ो मजदूरों के साथ प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में हरे पेड़ों के कटान में लगे रहते हैं इतनी बड़ी संख्या में लकड़ी माफिया मजदूरों के साथ पेट्रोलिंग आरा मशीन लेकर हरे फलदार पेड़ को काटने में लगे होने के बावजूद वन विभाग से लेकर पुलिस तक कार्यवाही के नाम पर केवल औपचारिकता निभाती रह जाती है।

# भाकियू सामाजिक की बैठक सम्पन्न, चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर गोविंदपुरम,** आवास विकास कालोनी में भारतीय किसान यूनियन सामाजिक भाकियू सामाजिक) की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी ने गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान व संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया जल्द ही पुनः कार्यकारणी का गठन कर नई जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। वहीं संगठन में निष्क्रिय रहने वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।बैठक के उपरांत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के सच्चे मसीहा भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार (भोले) एडवोकेट ने कहाःचौधरी चरण सिंह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि हर उस किसान की आवाज थे जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होता है। भाकियू सामाजिक उन्हीं के सिद्धांतों पर चलकर किसानों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाएगी।इस अवसर पर भाकियू सामाजिक के जिलाध्यक्ष (कार्यवाहक) श्री ज्ञानचंद प्रजापति ने कहाः चौधरी साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों के हक और सम्मान के लिए समर्पित किया। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम उन्हें नमन करते हैं और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ओमेंद्र सिंह, आरेंद्र शर्मा, भूदेव सिंह, डॉ. इकरार अहमद, हुक्म सिंह, अरविंद चौधरी, लोकेंद्र सिंह, आशु चौधरी, सुशील कुमार शर्मा, अब्दुल बाहक, सलीम राशिद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने चौधरी साहब के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

# ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नगीना थाना नगीना देहात क्षेत्र में हुई ई-रिक्शा बैटरी चोरी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी गई बैटरी भी बरामद कर ली है मामले में वादी द्वारा थाने में तहरीर दी गई थी कि उसके भाई की ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ी थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने निशाना बनाकर बैटरी चुरा ली। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने ग्राम शाहअलीपुर जमन निवासी पंकज पुत्र मदन सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में अभियुक्त ने चोरी की बात कबूली और उसकी निशानदेही पर ई-रिक्शा की बैटरी बरामद कर ली गई फिलहाल आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है और उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण पंकज पुत्र मदन सिंह, निवासी ग्राम शाहअलीपुर जमन, थाना नगीना देहात, जनपद बिजनौर बरामदगी का विवरण ई-रिक्शा की चोरी गई एक बैटरी।

# नजीबाबाद अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह सभागार में मनाया गया कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद विकासखंड के चौधरी चरण सिंह सभागार में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के संयोजन पूर्व सांसद पूर्व मंत्री राजा भारतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता चौधरी ईशम सिंह के संचालन में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में बिजनौर नगर पालिका की चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने महिलाओं को संबोधित किया इस कार्यक्रम में विकासखंड क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया महिलाओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद पूर्व मंत्री राजा भारतेन्द्र सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर हमारे समाज की एक विदुषी वीरांगना थी जिनके बलिदान को समाज कभी भुला नहीं सकता है उन्होंने कहा कि हम सब हमारी भावी पीढ़ी को इनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है अपने संबोधन में बिजनौर नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए माता अहिल्याबाई होलकर के असली इतिहास के बारे में हम सबको पढ़ना चाहिए और अपने बच्चों को उनके विषय में विस्तार से जानकारी देनी चाहिए ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां महान माता को समझ सकें श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज हम सब क्षेत्र प्रदेश में देश के चहुमुखी विकास के लिए कार्य कर रहे हैं जिस तरह हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के आधार पर काम कर रहे हैं इस तरह सबको जाति धर्म से ऊपर उठकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के साथ खड़े होने की आवश्यकता है उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वे सब अपने घरेलू कार्यों के साथ-साथ अपने आसपास के वातावरण में समाज को दिशा देने के लिए कार्य करने में सहयोग करें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित महिला समूह का आभार प्रकट किया इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से मोनिका शर्मा, मंजू रानी, संगीता देवी, शगुफ्ता खान, शकुंतला देवी, मीना देवी, पूजा रानी, सहित भाजपा मंडल के अध्यक्ष कमल सैनी, वरुण आत्रे, जुगनेश कुमार, सदस्य क्षेत्र पंचायत ब्रजराज सिंह देशवाल, चौधरी ईशम सिंह,अभिषेक यादव, ऐश्वर्य ऐरन, सचिन देशवाल, नरेन्द्र सिंह, निखिल कुमार,ने संबोधित किया।

# पैरामिलिट्री फोर्स के साथ नगर में अति संवेदनशील और पूर्व में सांप्रदायिक दंगों से प्रभावित क्षेत्रों में फ्लैग मार्च



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** नगर में गुरुवार को दोपहर करीब बारह बजे डबल फाटक स्थित चित्तौड़गढ़ चौकी से सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पैरामिलिट्री फोर्स ने स्थानीय पुलिस के साथ नगर के मुख्य बाजारों, चौराहा आदि स्थानों पर पैदल फ्लैग मार्च कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान पैरामिलिट्री फोर्स ने एरिया डोमेन कर उन स्थानों को चिन्हित किया जहां वे किसी भी आपदा से निपटने के लिए समय रहते लैंड कर सके। ज्ञात रहे कि फोर्स को पूरे जनपद में आठ थाने अलर्ट किए गए हैं। जहां फोर्स ने संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर किसी भी आपदा से समय रहते निपटने की रणनीति बनाकर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाना है। जिनमे नगीना थाना भी शामिल है। बताते चले की आगामी त्योहारों के मद्दे नजर भी फोर्स ने पुलिस के साथ नगर में करीब पैदल 5 किलोमीटर दूर का फ्लैग मार्च किया।इस अवसर पर फोर्स के साथ तेजतर्रार अनुभवी सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, एसएसआई दीपक कुमार के साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# एसडीएम ईला प्रकाश ने जमीनी विवाद का मौके पर पहुंचकर तत्काल कराया निस्तारण



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/जनपद में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा पीड़ितों की फरियाद को प्राथमिकता के आधार पर सुनने को लेकर अधिकारियों को दिए गए निदेशों का असर होता नजर आ रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद के गांव सलारपुर में देखने को मिला है। जहां एक पीड़ित बुजुर्ग की जमीनी विवाद की शिकायत मिलने पर एसडीएम सदर ईला प्रकाश ने तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेते हुए तहसीलदार प्रवीण कुमार एवं राजस्व विभाग टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मामले का तत्काल प्रभाव से कराया निस्तारण। एसडीएम के द्वारा तत्काल प्रभाव से कराए गए इस निस्तारण को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की तत्परता से ऐसे विवादों में गांव में होने वाले विवादों पर तो अंकुश लगता ही है साथ ही अधिकारियों का खौफ भी नजर आता है।

# बिजली घर पर फूंका ट्रांसफार्मर बिजली की बनी समस्या जनता परेशान

**वेलकम इंडिया**



शिकारपुर/कुतुबपर बिजली फीडर पर 8एमबीए का बिजली ट्रांसफार्मर फूंकने से लगभग एक दर्जन गांव के लोगों को होगी बिजली की किल्लत। इस बिजली की समस्या को दो दिन बीत चुके हैं वही भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष लीलू प्रधान ने बताया है कि संबंधित अधिकारियों ने अभी ट्रांसफार्मर बदलने में दो दिन का समय मांगा है साथ ही कहा कि यदि समय रहते हुए बिजली घर का ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो बिजली घर पर भाकियू द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उधर एसडीओ राम आशीष यादव ने बताया है कि अभी लगभग चार पांच दिन लग सकते है बिजली समस्या को दूर करने में तब तक बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की किल्लत बनी रहेगी लेकिन फिलहाल क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति अन्य फीडर से दी जाएगी जिससे उपभोक्ताओं को कुछ बिजली मिलती रहे। सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि धैर्य बनाएं रखें कार्य प्रगति पर है।

# दादी ने काटी थी मासूम बच्ची की गर्दन, बहु को फंसाने के लिए मासूम की गई हत्या

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर /गागलहेडी। राजीव चौधरी।** थाना गागलहेडी पुलिस ने 5 माह की बच्ची की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए घटना में वांछित 1 महिला अभियुक्ता सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार व 1 बाल अपचारी को हिरासत में लिया गया। गागलहेडी पुलिस ने गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर कुसानी गांव में 5 माह की मासूम बच्ची इशिका की गर्दन काटकर हत्या करने की घटना का खुलासा कर दिया है, दादा ने ब्लेड दिया और कहा कि काट दे इसकी गर्दन, दादी ने एक हाथ से मां शिवानी की बगल में सो रही बच्ची का मुह दबाया और दूसरे हाथ से नाजुक गर्दन काट दी, मां को पता तक नही चला इस दौरान बच्ची की बुआ भी मौके पर खड़ी सब कुछ होता देखती रही थी, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बहु से कई दिन से झगड़ा चल रहा था और उसको फंसाकर जेल भिजवाना चाहते थे, पुलिस ने दादा धर्मेंद्र, दादी सरिता और बुआ वंशिका को गिरफ्तार कर लिया है।

# यूनिवर्सल एकैडमी बिजनौर में समर कैंप का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकैडमी बिजनौर में समर कैंप का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी व उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंप लगाने का उद्देश्य बच्चों के अंदर आधुनिक गतिविधियों का विकास करना होगा। यह कैंप बच्चों के लिए सिर्फ पढ़ाई से नहीं, बल्कि सामाजिक तकनीकी और रचनात्मक विकास का मौका देंगे। यह समर कैंप 22 मई से 30 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 600 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। समर कैंप में विभिन्न गतिविधियां, कार्यकलाप और अनेक प्रकार की जानकारी बच्चों को दी जाएगी। इन विभिन्न कार्यकलाप में जैसे गायन, नृत्य, श्रवण कौशल विकास, व रोल प्ले आदि सिखाये जाएंगे। इसके अलावा भारत में उगाई जाने वाले विभिन्न मसाले की जानकारी तथा बिजनौर जनपद की ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी भी दी जाएगी सभी गतिविधियो की जानकारी व और अन्य जानकारी विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में आयोजित की जाएगी।इस तरह के कैंप आयोजित होने से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होगा।

# स्कूली छुट्टियों में शिक्षक की अनोखी पहल आई सामने

**वेलकम इंडिया**



रामघाट/बुलंदशहर/ जरगवां में प्राथमिक विद्यालय के एक प्रधानाध्यापक ने छुट्टियों में दलित बस्ती में जाकर 10 दिन का कैंप लगाकर शिक्षा तथा आधार कार्ड बनवाने हेतु बच्चों व उनके अभिभावकों को प्रेरित कर एक अनोखी मुहिम चलाकर मिशाल पेश की है। आपको बता दें डिबाई ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नगला कोठी के प्रधानाध्यापक राम प्रकाश लोधी ने जरगवां में दलित समाज में जाकर सामुदायिक भवन पर बस्ती के करीब 70 बच्चों तथा उनके अभिभावकों को एकत्र किया और बच्चों के आधार कार्ड के विषय में जानकारी प्राप्त की तो 70 बच्चों में से 30 बच्चे बिना आधार कार्ड के पायें गए जिनको सरकार द्वारा प्राथमिक स्कूलों में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है इस समस्या को देखते हुए प्रधानाध्यापक राम प्रकाश ने आधार कार्ड बनवाने हेतु 30 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन-पत्र फार्म भरवाए गए हैं। प्रधानाध्यापक ने 10 दिन के कैंप में बच्चों को टेस्ट की कॉपियां वितरण कर जलपान कराकर शिक्षा के लिए प्रेरित किया बच्चों के साथ में आए अभिभावकों को भी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जिन बच्चों को ड्रेस के लिए सरकार ने रुपया भेजा है उन रूपयों से बच्चों की ड्रेस बनवाकर बच्चों को स्कूल समय से भेजने की अपील की। इस मौके पर योगा शिक्षक जितेंद्र कुमार ने दलित बच्चों को योगा कर योगा करने के लिए प्रेरित किया कैंप लगवाने में जयपाल सिंह गौतम जितेंद्र कुमार उर्फ डब्बू राजू मासूम भीम प्रकाश गौतम का पूर्ण सहयोग रहा।

# एडीबी के प्रेसिडेंट ने भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान किया भारत के प्रथम नमो भारत कॉरिडोर का दौरा

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



एशियन डेवलेपमेंट बैंक (एडीबी) के प्रेसिडेंट, श्री मसातो कांडा ने भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान गुरुवार, 29 मई 2025 को भारत के प्रथम नमो भारत कॉरिडोर का दौरा किया। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक श्री शलभ गोयल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में एनसीआरटीसी के एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने उनकी मेजबानी की। इस यात्रा के दौरान, एडीबी प्रेसिडेंट ने साहिबाबाद से दुहाई डिपो स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की, और इस अत्याधुनिक, क्षेत्रीय रेल प्रणाली की तेज गति, आरामदायक सुविधाओं और यात्री-केंद्रित विशेषताओं का प्रत्यक्ष अनुभव किया। उन्होंने ट्रेन और स्टेशनों के समावेशी डिजाइन की सराहना की और साथ ही, इस परियोजना में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करने के लिए एनसीआरटीसी की सराहना की।इस अवसर पर, श्री शलभ गोयल ने कहा कि, ₹एडीबी के साथ साझेदारी इस प्रणाली में नवीन तकनीकों को लाने में एनसीआरटीसी के लिए बहुत फायदेमंद रही है₹। श्री कांडा ने एनसीआरटीसी की टीम की सराहना की और कहा कि, ₹हम एनसीआरटीसी के साथ एडीबी की साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं₹। दुहाई स्थित डिपो में, जापान फंड फॉर प्रॉस्परस एंड रेसिलिएंट एशिया एंड द पैसिफिक (जेएफपीआर) के तहत एनसीआरटीसी द्वारा आयोजित किए गए कई सामुदायिक विकास के पहलों के विषय में उनसे जानकारी साझा की गई।इसी श्रृंखला में, प्रेसिडेंट कांडा ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए - जिसमें स्मार्ट केन, व्हीलचेयर, बैसाखी और हीयरिंग एड आदि शामिल थे। जेएफपीआर ग्रांट के माध्यम से आयोजित किए गए रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इसके अलावा, इस पहल के अंतर्गत आत्मरक्षा और जीवन कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिला छात्रों ने दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। एनसीआरटीसी, एडीबी के समर्थन द्वारा, टारगेटेड स्किलिंग और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और जेंडर इक्वैलिटी की दिशा में निरंतर कार्य करती है। यह पहल समावेशी विकास के प्रति एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इसके बाद, एडीबी के प्रतिनिधिमंडल ने 'अपरिमित'- एनसीआरटीसी के नवाचार केंद्र का दौरा किया। अधिकारियों ने परियोजना कार्यान्वयन, परिचालन दक्षता और गहन प्रशिक्षण के लिए उपयोग की जा रही उन्नत तकनीक जैसे वर्चुअल रियलिटी (वीआर), ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) और बिल्डिंग इंफॉर्मेशन मॉडलिंग (बीआईएम) का प्रदर्शन किया। एडीबी के समर्थन से, इन डिजिटल समाधानों ने एनसीआरटीसी को परियोजना के कार्यान्वयन में वैश्विक मानक स्थापित करने और भविष्य के लिए तैयार एक टीम को संगठित करने में बहुत मदद की है।

# अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ महानगर की शहर विधानसभा के अग्रसेन भवन में माता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत एक पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व शहर विधानसभा प्रत्याशी कमल दत्त शर्मा ने किया। कार्यक्रम को माता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल एवं अतिथि विवेक रस्तोगी भाजपा अध्यक्ष महापौर हरिकांत अहलूवालिया रहे। कार्यक्रम में माननीय सांसद राज्यसभा मुख्य अतिथि डॉ. अनिल अग्रवाल ने आपने विशेष संबोधन में माता अहिल्याबाई के जीवन से सेवा और धर्म के प्रति समर्पण की प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योति वाल्मीकि ने की। कार्यक्रम का संचालन नुपुर जौहरी ने किया। अभियान संयोजक सीमा श्रीवास्तव और सह संयोजक सुनील अग्रवाल रहे। अपने संबोधन में कमल दत्त शर्मा ने कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की एक महान शासिका थीं। उन्होंने मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कर धार्मिक और सामाजिक कार्यों को बढ़ावा दिया तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा दिखाई।

# दहेज लोभी पति ने पत्नी के सिर के बाल काट गंजा कर निकाला घर से

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ में पति -पत्नी के रिश्ते को शर्मसार करने वाला सामने आया है । आरोप है कि दहेज के लालच में कलयुगी पति ने अपने घरवालों के साथ मिलकर अपनी पत्नी के सिर के बाल काट डाले । इतना ही नही उसके साथ मारपीट कर उसे तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया ।इस घिनौनी हरकत में पति के मां बाप ,उसके भाईयों और एक दबंग दोस्त ने साथ दिया । लाचार महिला अपने मासूम बच्चे के साथ आज एसएसपी ऑफिस पहुँची और न्याय की गुहार लगाई है । अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई का भरोसा दिया है ।

ये मामला मेरठ के टीपी नगर इलाके का है । यहां की रहने वाली शीबा की शादी 2008 में लिसाड़ीगेट इलाके के रहने वाले अमीर आजम से हुई थी । शीबा के तीन बेटियां है । आरोप है कि महिला का पति अय्याश किस्म का है। आये दिन अपनी पत्नी से पैसों की मांग करता है ।पिछले कई दिन से पत्नी पर एक लाख रुपये लाने का दबाव बना रहा था । जब मांग पूरी नही हुई तो आरोपी पति ने अपने दबंग साथी और अपने घरवालों के साथ मिलकर पत्नी को प्रताड़ित किया । मारपीट की और तमंचे के बल पर उसके सिर के बाल काट दिए ।इतना ही तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया ।

# जोन तीन का किया निरीक्षण स्वच्छता और अभियंत्रण व्यवस्था पर दिए कड़े निर्देश अपर नगर आयुक्तः नम्रता सिंह

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** गुरुवार को नवनियुक्त अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह ने जोन तीन के स्वास्थ्य विभाग और अभियंत्रण विभाग का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था, अभियंत्रण कार्य और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और कई स्थानों पर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करवाई। निरीक्षण की शुरूआत भामा शाह पार्क विवेकानन्दपुरी से हुई, जहाँ कर्मचारियों को सफाई कार्य करते और नजदीकी अपार्टमेंट में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण करते पाया गया। अपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि सूखे कूड़े की मात्रा को बढ़ाकर कम से कम चार बोरी किया जाए और नियमित रूप से कूड़ा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए। एच पार्क और फिरोज गांधी पार्क में सफाई व्यवस्था की समीक्षा इसके पश्चात एच पार्क का निरीक्षण किया गया, जहाँ पीसीटीएस (पब्लिक कलेक्शन ट्रांसफर स्टेशन) स्वच्छ और क्रियाशील पाया गया। हालांकि, सामने की नाली में मिट्टी भरी होने के कारण उन्होंने सफाई नायक श्री बृजेश को तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया। फिरोज गांधी पार्क, अलीगंज में निरीक्षण के दौरान नालियों में घास उगी पाई गई, जिससे साफ पता चला कि वहां सफाई नहीं की गई है।इस पर अपर नगर आयुक्त ने मौके पर ही एसएफआई को घास हटाने और सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं ईदगाह तातारपुर कूड़े अड्डे पर कूड़े का उठान 2 हाईवा और 1 जेसीबी से कराया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान गोयल तिराहे से सीएमएस स्कूल मार्ग पर दोनों तरफ कूड़े के ढेर लगे पाए गए और झाड़ू नहीं लगी पाई गई। इस पर उन्होंने सफाई एवं खाद निरीक्षक को तत्काल सफाई कराने के आदेश दिए। बटहा सबौली गाँव जाने वाले रास्ते पर भी झाड़ू नहीं लगी पाई गई, जिस पर कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने सफाई के आदेश दिए। नम्रता सिंह ने अलीगंज वार्ड के फिरोज गांधी कॉलोनी, सेक्टर एच पार्क और लाला लाजपत राय वार्ड का भी निरीक्षण किया, जहाँ नालियों में घास और गंदगी पाई गई।इस पर उन्होंने जोनल स्वास्थ्य अधिकारी और सफाई निरीक्षक को चेतावनी दी कि तीन दिन के भीतर पुनः निरीक्षण किया जाएगा और गंदगी मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभियंत्रण विभाग द्वारा नाले की सफाई कार्य का भी जायजा लिया और निर्देश दिए कि यह काम सात दिन के भीतर पूरा किया जाए।

# टैबलेट पाकर खुशी से झूम उठे छात्र-छात्राएं



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** दिल्ली रोड परतापुर स्थित संस्था डी एन पॉलिटेक्निक में प्रदेश सरकार की छात्र-छात्राओं को डिजिटल सशक्त बनाने वाली महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बायोटेक, सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस के कुल 61 छात्र छात्राएं गुरुवार को टैबलेट पाकर खुशी से झूम उठे कुल 61 छात्र-छात्राएं इस योजना से लाभान्वित हुए इस अवसर पर संस्था की कार्यवाहक प्रधानाचार्य अर्चना गोयल ने छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया डिजिटल सशक्तिकरण टीम के इंचार्ज विपिन कुमार प्रवक्ता सिविल बृजेश हरित पिंकी राजपूत मांगेराम सागर कुमार सतवीर सिंह आदि का इस कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

# बरेली का एक भाजपा नेता कर रहा था फर्जी आधार, पैन, मार्कशीट बनाने का काम

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र के महेशपुर गांव में जनसेवा केंद्र की आड़ में फर्जी दस्तावेज बनाने का एक मामला सामने आया है, इस गोरख धन्धे में बरेली की भाजपा युवा कार्यकारणी के एक पदाधिकारी का नाम सामने आने से जहां भाजपा के अंदर खलबली मची हुई है वहीं विपक्ष को भाजपा पर तंज कसने का एक मौका मिल गया है।इसकी गौरख धंधे की सूचना मिलते ही लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस के साथ एसओजी टीम और सीबीगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारकर उसके केंद्र से भारी मात्रा में दस्तावेज बनाने वाले उपकरण बरामद किए। इस मामले में आरोपी भाजपा नेता मुकेश देवल मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि आरोपी मुकेश अपने राजनैतिक गुरुओं से इस मामले को रफा दफा करने कि कोशिश में लगा हुआ है। फिल्हाल थाना पुलिस के साथ लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस और एसओजी टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है।इस पूरे मामले को लेकर थाना सीबीगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।पुलिस के अनुसार, आरोपी अपने घर के नीचे जनसेवा केंद्र और लोकवाणी केंद्र चलाता था। वह लोगों से पैसे लेकर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, 10वीं और 12वीं की फर्जी मार्कशीट, ड्राइविंग लाइसेंस सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाकर अपने ग्राहकों को देता था।छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके से 2 लैपटॉप, 2 प्रिंटर, एक स्कैनर, वेबकैम, थंब स्कैनर, फिंगरप्रिंट मशीन, छह नकली मोहरें, दो एलआरआई शील्ड्स, दो माउस, 27 आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक वोटर आईडी और नॉर्थ ईस्ट रेलवे का एक कार्ड बरामद हुआ।

# युवक ने कुत्तों और पशुओं पर हमले को लेकर दिखाया अपना पशु प्रेम

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** एक युवक द्वारा कुत्ते को मारने पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। अपनी मांग को लेकर एक पशु प्रेमी ने थाना सीबीगंज पर कुत्ते को मारने के एक आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर प्राथमिक की दर्ज करने की मांग की है।इस मामले को लेकर थाने पर तैनात एक कांस्टेबल द्वारा शिकायतकर्ता पशु प्रेमी को भद्दे भद्दे कमेंट करके थाने से भगाया गया। जानकारी के अनुसार थाना सीबीगंज के चन्दपुर काजियान निवासी पप्पू अंसारी ने डायल 112 पर सूचना देकर बताया कि उनके गांव का फाजिल आए दिन आवारा कुत्तों, गायों तथा सांडों को धारदार हथियार मारकर घायल कर देता है। गुरुवार को भी फाजिल द्वारा गांव के ही एक आवारा कुत्ते पर कई वार किये गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी मामले को लेकर पप्पू अंसारी सीबीगंज थाने पहुंचे तो वहां एक कांस्टेबल द्वारा पप्पू अंसारी पर भद्दे भद्दे कमेंट करके थाने से भगा दिया गया। जिसकी शिकायत करने के लिए पशु प्रेमी पप्पू अंसारी ने सांसद मेनका गांधी से करने का मन बनाया है।

# जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत एसएसपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा आगामी त्यौहारो(ईद) व जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सदृढ़ करने के लिए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के स?र्फा मार्केट, अंसारी मार्केट, अंम्बर मार्केट, , कालाआम चौराहा पर पुलिस-फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया। आम जनमानस को यातायात नियमो के बारे में जागरुक किया गया साथ ही यातायात व्यवस्था को सुदर्ढ करने के उद्देश्य से सडक किनारे हो रहे अतिक्रमण को हटवाया गया तथा लोगो से अनुरोध किया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर उपस्थित रहें।

# साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक, क्रेडिट कार्ड से उड़ा लिए गए साढ़े तीन लाख रुपये

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिले में साइबर ठगों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा मामला बारादरी थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक युवक के क्रेडिट कार्ड से साइबर ठगों ने तीन लाख तैंतीस हजार सात सौ दस रुपये उड़ा लिए।

पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत साइबर क्राइम सेल में दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कौशल मौर्य पुत्र सियाराम मौर्य निवासी कटरा चाँद खाँ, निकट मौर्य मंदिर, थाना बारादरी के रहने वाले हैं, उन्होंने लगभग 15 दिन पूर्व इंडोसैंड बैंक का एक क्रेडिट कार्ड बनवाया था जिसकी लिमिट 3,36,000 रुपए थी।उन्होंने बताया कि 28 मई 2025 को उनके पास मोबाइल नंबर 6901009031 से एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि चूंकि क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल नहीं हो रहा है, इसलिए 450 रुपए का चार्ज लगेगा। जब कौशल ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि कार्ड बनाते समय कोई चार्ज न होने की बात कही गई थी, तो कॉल अचानक कट गई। जिसकी कॉल की रिकॉर्डिंग पीड़ित के पास मौजूद है।अगली सुबह यानी 29 मई 2025 को जब कौशल ने मोबाइल चेक किया तो उन्हें क्रेडिट कार्ड से हुई ट्रांजेक्शनों की जानकारी मिली, जिससे उनके होश उड़ गए। उनके कार्ड से कुल चार बार में 3,33,710 रुपए की रकम निकाली जा चुकी थी।

# एसडीएम के खिलाफ वकीलों में आक्रोश,महापंचायत के लिए जुटा रहे समर्थन

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी मिजार्मुराद ।** एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा तथा न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह के तानाशाही पूर्ण रवैये से क्षुब्ध अधिवक्ताओं का आक्रोश आए दिन बढ़ता जा रहा है। पिंडरा तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिए तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह आगामी 3 जून को पिंडरा तहसील प्रांगण में होने वाले अधिवक्ताओं की महापंचायत को सफल बनाने के लिए प्रदेश भर के अधिवक्ताओं को आमंत्रण पत्र भेजकर उनसे कार्यक्रम में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। अधिवक्ताओं की ओर से होने वाले महापंचायत की खबर को लेकर प्रशासनिक अमला भी चौकन्ना है। अधिवक्ताओं की माने तो वे लोग अपना आंदोलन तब तक जारी रखने का निर्णय लिए हैं,जब तक एसडीएम प्रतिभा मिश्रा और न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह को तहसील से हटा नहीं दिया जाता। पिंडरा तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल तथा महामंत्री सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि एसडीएम प्रतिभा मिश्रा तथा न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह की कार्यप्रणाली ठीक नहीं है,जिसकी वजह से एक तरफ जहां फरियादियों को अपमानित होना पड़ रहा है तो वही दूसरी तरफ मनमाने ढंग से आदेश भी पारित किया जा रहे हैं। बार अध्यक्ष और महामंत्री का आरोप यह भी है कि उपरोक्त अधिकारियों के खिलाफ लगभग तीन सप्ताह से अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत होकर आंदोलन कर रहे हैं। इसके बावजूद भी जिलाधिकारी इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।इससे तो यह साफ लगता है कि इन अधिकारियों को जिले के आला अधिकारी संरक्षण दे रहे हैं।बार पदाधिकारी का यह भी कहना है कि पिंडरा तहसील क्षेत्र में इन अफसरों की कार्य प्रणाली से भ्रष्टाचार पनप रहा है। अधिकारियों के इस भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प बार के पदाधिकारियो ने लिया है।जान ले कि एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने खड़खड़ी गांव निवासी किशन पांडे के निजी जमीन पर हो रहे मकान के निर्माण को जबरन रुकवा कर एक व्यक्ति के लिए निजी जमीन से रास्ता दिलवाने का फरमान जारी किया है। इतना ही नहीं कई वर्ष पूर्व लगे खड़ंजे को भी उखाड़ने का निर्देश दिया था।

# ऑनलाइन सट्टे का भंडाफोड़, गिरोह का सरगना गिरफ्तार, सात फरार

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टेबाजी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने छापेमारी कर मुख्य आरोपी विपिन सिंह रावत (38) को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि गिरोह के सात अन्य सदस्य मौके से फरार हो गये। पुलिस ने इस छापेमारी में चार मोबाइल फोन, दो डायरियां और सट्टेबाजी से जुड़े कई डिजिटल सबूत बरामद किये हैं। प्राथमिक जांच में 4,07,947 रुपये के सट्टा लेन-देन का रिकॉर्ड मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रेमनगर पुलिस ने राजेन्द्र नगर स्थित सूरजभान स्कूल के पास एक मकान में ऑनलाइन सट्टे की सूचना पर तुरंत छापा मार कार्यवाही की। लेकिन तब तक वहां से कई लोग फरार हो गये।

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती के 300 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पालिका द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के 300 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद मोदीनगर द्वारा दुल्हन बैंक्वेट हाल में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विनोद वैशाली अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के द्वारा की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता चैन पाल सिंह जिला अध्यक्ष द्वारा की गई। जिसमें मुख्य अतिथि विकास अग्रवाल क्षेत्रीय महामंत्री, डॉ मंजू शिवाच विधायक, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल,अमित चौधरी जिला उपाध्यक्ष, देवेंद्र चौधरी, कार्यक्रम संयोजक एवं सभी सभासद गण आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा रानी अहिल्या बाई के द्वारा कराए गए मंदिरों एवं घाटो के जीर्णोद्धार के विषय मे विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके आदर्शों पर चलने का प्रण करना चाहिए एवं समाज के नैतिक निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए।कार्यक्रम में विभिन्न एनजीओ की महिला अध्यक्ष ने प्रतिभाग किया और पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होलकर जी की जीवनी पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम के अंत मे महिला सशक्तिकरण को ओर प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने हेतु सभी गणमान्य महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं इसी के साथ स्वच्छता के आधार के रूप में मुख्य भूमिका निभाने वाली महिला सफाई मित्रो को पी.पी.ई. किट का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका के अमरीश कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, उमेश आनंद कर अधीक्षक, अंकित चौधरी कर निरीक्षक,कामेश चौहान व पालिका के अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

# दिनेश कुमार गोयल सभापति की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समीति की बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद, ( अनिल वशिष्ठ )।** सभागार लखनऊ में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें निर्णय लिया गया है कि सभी शहरों के अपार्टमेन्टस, सोसाइटियों, फ्लैटों, आर0डब्लू0ए0 द्वारा यदि 51 प्रतिशत उपभोक्ताओं द्वारा अपना अलग-अलग विद्युत कनेक्शन लेने के लिए लिखित सहमति दे दी जाएगी तो विद्युत विभाग द्वारा उनको अलग से कनेक्शन दे दिया जाएगा जिसके अन्तर्गत उन्हे सरकारी घरेलू मूल्य दर से विद्युत बिल का भुगतान करना होगा क्योंकि वर्तमान में ऐसी व्यवस्था नही है बिल्डर्स व सोसाइटी अपने मनमाने तरीके से बिजली बिलो की अवैध उगाही कर रहे है जोकि अनुचित है। इसके साथ साथ अन्य विभिन्न समस्याओं का समाधान भी इस मीटिंग में करने हेतु सभापति दिनेश कुमार गोयल द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को आदेशित किया गया।इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्वनी त्यागी, रवि शंकर पप्पू भैया, सी0पी0चन्द, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ रतन पाल सिंह, सदस्यगण विधान परिषद व नरेन्द्र भूषण प्रमुख सचिव ऊर्जा, डा आशीष गोयल चेयरमैन विधुत वितरण खण्ड, पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल के एम0डी0 व अन्य विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# एनसीसी कैंप में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यूपी बटालियन मोदीनगर द्वारा आयोजित दस दिवसीय एनसीसी कैंप में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। 35 यूपी बटालियन एनसीसी मोदीनगर के तत्वावधान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में दस दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस एनसीसी कैंप में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों अंजलि, अन्नया चौधरी, नैतिक, अक्षरा, वंश, माही, तनन्या त्यागी, आर्या, नव्या, अर्णव चौधरी, यथार्थ, देव कुमार, आकांक्षा बजाज, दिशा, जानवी सिसोदिया, नैतिक कुलश्रेष्ठ ने विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों टैग वार, 100 मी दौड प्रतियोगिता ,ड्राइंग प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें सोलो डांस, सोलो सोंग, ग्रुप डांस व वाद्य यंत्र द्वारा कैंडट ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा सभी एनसीसी कैंडेट को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी व स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने सभी एनसीसी कैंडेट को बधाई देते हुए उनकी मेंटर श्रीमती कोमल बजाज को भी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# थवर्क्स द्वारा मैटलैब उपयोग के लिए काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को उत्तरी भारत में शीर्ष स्थान का सम्मान

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को मैथवर्क्स (मैथवर्क्स) द्वारा एक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान उत्तरी भारत में मैटलैब के कैंपस-वाइड लाइसेंस (सी०डब्ल्यू०एल) के सर्वाधिक प्रभावी उपयोग के लिए प्रदान किया गया है। यह गौरवपूर्ण पहचान भारत की 450 से अधिक संस्थाओं में से केवल शीर्ष 10% संस्थानों को दी गई है, और काईट उनमें से एक है। इस विशेष उपलब्धि के उपलक्ष्य में संस्था में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मैथवर्क्स और डिजाइनटेक सिस्टम्स प्रा. लि. के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमे चंदन प्रमाणिक (डायरेक्टर झ एजुकेशन, मैथवर्क्स),दीपक शर्मा (सेल्स अकाउंट मैनेजर झ उत्तर भारत, मैथवर्क्स) एवं अनूप पांडे (मैनेजर, डिजाइनटेक सिस्टम्स प्रा. लि.) शामिल थे।अपने वक्तव्य में चंदन प्रमाणिक ने काईट में शिक्षण और शोध के वातावरण की सराहना करते हुए कहा, ₹हर शिक्षक को निरंतर नए ज्ञान के अधिग्रहण में संलग्न रहना चाहिए।₹ उन्होंने गुणवत्ता-आधारित प्रोजेक्ट्स की आवश्यकता पर जोर दिया और आई०आई०टी हैदराबाद में आगामी ड्रोन प्रतियोगिताओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मैथवर्क्स और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। संस्थान के संयुक्त निदेशक, डॉ. मनोज गोयल ने स्वागत भाषण में कहा, ₹मैटलैब सी०डब्ल्यू०एल के प्रभावी उपयोग के लिए यह सम्मान हमारे अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मैटलैब ने हमारे छात्रों और शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान और नवाचार की दिशा में सशक्त किया है। निदेशक अकादमिक, डॉ. आदेश पांडे ने मैटलैब की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹मैटलैब अब केवल एक सॉफ्टवेयर नहीं बल्कि नवाचार का आधार बन गया है। यह शिक्षण को उच्च स्तर पर ले जाता है, यूएन सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल्स (जैसे स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार आदि) में योगदान देता है, और छात्रों की सोचने, विश्लेषण करने और समाधान निकालने की क्षमताओं को बढ़ाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान कोई समापन नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरूआत है। ₹हम मैटलैब को और अधिक उन्नत शिक्षण मॉड्यूल, शोध केंद्रों और बहु-विषयक परियोजनाओं में एकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।, उन्होंने आगे कहा डीन आरएंडडी, डॉ. विभव कुमार सचान को इस आयोजन के समन्वयन और सफल संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए विशेष धन्यवाद दिया गयो उन्होंने मैटलैब लाइसेंस के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीकी और शैक्षणिक स्तर पर निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया है। संस्थान ने प्रबंधन सदस्यों का भी हार्दिक आभार प्रकट किया, जिनके दूरदर्शी निर्णय और समर्थन से मैटलैब सी०डब्ल्यू०एल की स्वीकृति संभव हो पाई। यह निर्णय संस्था में गुणवत्ता अनुसंधान और उद्योग-उन्मुख शिक्षण को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हुआ है।

# समर कैंप में छात्र-छात्राओं की रचनात्मक और सांस्कृतिक जडो को जुड़ाव को एक नया रंग दिया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्री हंस इण्टर कॉलेज मुरादनगर में चल रहे समर कैंप में छात्र-छात्राओं की रचनात्मक और सांस्कृतिक जडो को जुड़ाव को एक नया रंग दिया। इस कैंप में आयोजित मूर्तिकला, पेपर मेरो चित्रकूला न केवल छात्र-छात्राओं के कौशल को निखारा बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी जीवित किया। बच्चो ने मिट्टी के पारंपरिक खिलौनों को अपने हाथो से आकार दिया। इन मूर्तियो में संस्कृति की गहरी छाप देखने को मिली। इसी के साथ प्रधानाचार्य विनोद कुमार के नेतृत्व में बच्चो ने विद्यालय परिसर में किचन गार्डन, एवं आरोग्य बाटिका बनाई बनाई। प्रधानाचार्य जी ने बताया कि आरोग्य, आरोग्य वाटिका और किचन गार्डन समर कैंप में बच्चो स्वस्थ्य, सन्तुलित और रचनात्मक को स्वस्थ, जीवन शैली अपनाने में मदद करेगी।इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री प्रधानाचार्य विनोद कुमार, श्रीमती हेमलता शमी, रामकुमार, सुनीलू कुमार, प्रमोद कुमार, रामकुमार शिव कुमार, रिकेश रिंकेश वर्मा, ताजमौहम्मद, सचिन वर्मा, दिनेश (बाबूजी), सुमित वर्षा, पूजा शर्मा, वर्षा, शिवानी, चंचल आदि उपस्थित थे।

# छाया स्कूल के दिव्यांशु ने नेशनल यूथ गेम्स में रजत पदक जीत कर बढ़ाया मोदीनगर का गौरव

वेलकम इंडिया



मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र दिव्यांशु ने नेशनल यूथ गेम्स जो दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किए गए थे वहां एथलेटिक्स की गोला फेक स्पर्धा में जानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर छाया स्कूल के साथ मोदीनगर व उत्तर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया उनकी उपलब्धि पर विद्यालय प्रांगण में उनका जोरदार स्वागत किया गया स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया की शिक्षा के क्षेत्र में जहां 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में गरिमा छाबड़ा ने शहर टॉप किया और गाजियाबाद जिले के शीर्ष पांच में अपना नाम दर्ज कराया तो अनविषा ने केबीसी जूनियर की विजेता बनने का गौरव हासिल किया खेलों में भी छाया स्कूल के बच्चे राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं बैडमिंटन में हिमांशु मित्तल एथलेटिक्स भाला फेंक में दीपांशु शर्मा स्केटिंग में अचीव डिस्कस थ्रो में अनंत दर्शन और अब गोला फेक स्पर्धा में दिव्यांशु ने छाया स्कूल का ही नहीं पूरे शहर का नाम रोशन किया है और भविष्य में ये बच्चे एशियाई खेलों व ओलंपिक खेलों में भी अपनी-अपनी स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ अरुण त्यागी ने बताया की दिव्यांशु के पिता प्रदीप कुमार भी पावरलिफ्टिंग के राष्ट्रीय खिलाड़ी व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी हैं इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अहिल्या बाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति पर भोजपुर ब्लॉक में सम्मेलन का किया आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत भोजपुर ब्लॉक में ब्लॉक सम्मेलन का आयोजन किया गया। शहीद भगत सिंह ब्लॉक सभागार में जिलाध्यक्ष चेनपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू शिवाच, मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉ अनिला सिंह आर्य एवं ब्लॉक प्रमुख भोजपुर सुचेता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ मंजू श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है उनके कार्य आज भी शान समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के आदर्श उदाहरण है हमें उनके सिद्धांतों पर चलकर जन सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत मजबूत करना चाहिए। ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महिलाओं का प्रेरणास्त्रोत बताया। सम्मेलन में जिला उपाध्यक्ष एवं जिला अभियान संयोजक अमित चौधरी, मंडल अध्यक्ष भोजपुर दीपक गुर्जर, जितेंद्र चितौड़ा, सुधीर पगड़ी , सीकरी महामाया मंडल के मंडल अध्यक्ष रोहित तोमर, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आरती मिश्रा, संजय भदोला सत्येंद्र तोमर, पार्टी के समस्त जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी , प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी ,(वर्तमान एवं पूर्व), सभी मोर्चा जिलाध्यक्ष समस्त टीम, सभी मंडल अध्यक्ष समस्त टीम, सभी मोर्चा मंडल अध्यक्ष समस्त टीम एवं अभियान में लगे सभी कार्यकर्ता, महिला प्रधान, महिला बीडीसी प्रबुद्ध महिला, महिला समाजसेविका , एएनएम/ आंगनवाड़ी, आशायें, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

# एसीईओ प्रेरणा सिंह ने वर्क सर्किल 2 के क्षेत्रों का भ्रमण कर उचित व्यवस्था के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बृहस्पतिवार को गांव भनौता, 60 मीटर रोड और भोला रावल गांव का दौरा किया। एसीईओ ने भनौता गांव में श्मशान घाट के निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने श्मशान घाट में षेड भी लगाने के निर्देश दिए। गांव के अन्य विकास कार्यों का भी जायजा लिया। इसके बाद एसीईओ ने ईकोटेक 16 में प्रस्तावित 80 मीटर रोड, 60 और 24 मीटर चौड़ी रोड का भी जायजा लिया। इन सड़कों को बनाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ की स्वीकृति हो गई है। फिलहाल जमीन लेने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद एसीईओ प्रेरणा सिंह भोला रावल गांव पहुंची। प्रेरणा सिंह ने भोला रावल के प्राचीन मंदिर और तालाब के जीर्णोद्धार करने के निर्देश दिए। इसे टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा। एसीईओ के भ्रमण के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव, प्रबंधक स्वतंत्र कुमार, सहायक प्रबंधक नरेश गुप्ता सहित वर्क सर्किल दो का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नोएडा एडीएम वित राजस्व की अध्यक्षता में व्यापार बंधु समिति की हुई समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में व्यापारिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने एवं व्यापारियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में आज अपर जिला अधिकारी (वि०/रा०) गौतमबुद्धनगर अतुल कुमार ने राज्य कर भवन सैक्टर-148 नोएडा के सभागार में व्यापार बंधु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी व्यापार बंधुओं की समस्याओं को बहुत ही गहनता के साथ सुना।आयोजित बैठक में विभिन्न व्यापारिक प्रतिनिधियों के द्वारा भंगेल एलिवेटेड रोड, दादरी अतिक्रमण, रूपवास बायपास का अधूरा कार्य, सड़के जाम एवं पार्किंग, सड़कों की मरम्मत, मोबाईल कॉल ब्रेक, नाली एवं सड़क पर जल भराव, जाम सड़के, टूटी हुई एंक्रोचमेंट, बिजली की कटौती व खम्बो को कवर, वेंडिंग जोन में अतिरिक्त रेहड़ी-पटरी लगना, दादरी काठ मंडी में अतिक्रमण के सम्बंध में अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी गण व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण तत्परता के साथ सुनिश्चित करें ताकि जनपद का व्यापार और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। नगर पालिका दादरी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि दादरी में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। सेतु निगम अधिकारियों को सेतु निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराये जाने एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को लोहे के खम्बो को प्लास्टिक आदि से कवर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) सम्भाग-ए नोएडा, ए०आर० टी०ओ० (ई), ए०सी०पी० ट्रैफीक, मैनेजर वर्कसर्किल-2 ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, नगर पालिका दादरी, एस0डी0ई0 , बी एस एन एल एवं अन्य संबंधित अधिकारियों तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगणों के द्वारा भाग लिया गया।

# ग्रेनो प्राधिकरण में प्रबंधक की सतर्कता से फजीर्वाड़ा करने वाला गिरफ्तार, हुई एफआईआर

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में एक बड़ा फजीर्वाड़ा उस समय टल गया जब प्रॉपर्टी ट्रांसफर के लिए पहुंचे एक व्यक्ति को संपत्ति विभाग की मुस्तैदी के चलते रंगे हाथ पकड़ लिया गया। आरोपी, फर्जी दस्तावेजों के जरिये मूल आवंटी बनकर प्रॉपर्टी ट्रांसफर कराने आया था। प्राधिकरण ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत सूरजपुर थाना पुलिस को सूचना दी, जिसने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला सेक्टर पी-3 स्थित भूखंड संख्या ऊ-138 से जुड़ा है, जो मूल रूप से पीपी सिंह के नाम आवंटित है। आरोपी ने इस भूखंड के ट्रांसफर के लिए प्राधिकरण में आवेदन किया और जरूरी दस्तावेज संलग्न किए। जब फिजिकल वेरीफिकेशन के लिए बुलाया गया, तो संपत्ति विभाग की प्रबंधक को उसके दस्तावेज और हावभाव संदिग्ध लगे। आधार कार्ड में प्रेम प्रकाश सिंह नाम था, लेकिन फोटो किसी और का था। दस्तावेजों और रिकॉर्ड का मिलान करने पर फजीर्वाड़े की पुष्टि हुई। तत्काल ग्रेटर नोएडा एम्प्लॉयीज एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू भड़ाना को बुलाया गया और फिर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके से महिपाल पुत्र चंद्रपाल सिंह, निवासी ग्राम जौली, थाना सिकंदराबाद, जिला बुलंदशहर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक फर्जी आधार कार्ड और एक कूटरचित पैन कार्ड, दोनों प्रेम प्रकाश सिंह के नाम से, बरामद किए गए। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अनुसार, अभियुक्त ने यह धोखाधड़ी वीर सिंह पुत्र ब्रजलाल, निवासी सौरभ विहार, साउथ दिल्ली के नाम पर ट्रांसफर डीड करवाने के लिए की थी। इस संबंध में थाना सूरजपुर पर मु0अ0सं0-306/2025, धारा 318(4)/338/336(3)/340(2)/61(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्राधिकरण के प्रबंधक राजेश सिंह की तरफ से कोतवाली में तहरीर दी गई। पुलिस से एफआईआर दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# जिलाधिकारी के निर्देशन पर एडीएम की अध्यक्षता में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जनपद में मादक पदार्थों (नारकोटिक्स) की बिक्री व तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा के निर्देशन पर एडीएम सिटी श्री विकास कश्यप की अध्यक्षता में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक आहुत हुई।

बैठक के दौरान एडीएम सिटी श्री विकास कश्यप ने कहा कि जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, खरीद-फरोख्त और ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से जनपद में सतर्कता और इण्टेलिजेंस को बेहतर करना होगा एवं जनपद की अन्तर्राज्यीय सीमा पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास और सुरक्षा की दृष्टि से सीमा प्रबन्धन अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है। इसे एक मुहिम का रूप देना होगा। एडीएम सिटी श्री विकास कश्यप ने निर्देशित किया कि बेहतर समन्वय के साथ ड्रग माफिया के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस को अपने मुखबिर तंत्र से समन्वय स्थापित कर और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है। एडीएम सिटी श्री विकास कश्यप ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों, अस्पताओं सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग, बैनर, जागरूकता से सम्बंधित कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य जागरूकता से सम्बंधित जो–जो कार्य नियमानुसार किये जा सकते हैं, वे किये जाये। उन्होने कहा कि स्कूलों द्वारा नशा मुक्ति के अन्तरर्गत विद्यार्थियों से वाद विवाद, चित्रकला, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये। एडीएम सिटी श्री विकास कश्यप ने निर्देशित किया कि रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन जैसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए ताकि जो लोग मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं उनको पकड़ा जा सके। इसके लिए जीआरपी, आरटीओ, परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया कि सभी दवा की दुकानों का निरीक्षण करें एवं बगैर लाइसेंस के नारकोटिक्स रखने वाले मेडिकल स्टोरों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में एसीएमओ डॉ.आर.के.गुप्ता, एसीपी ट्रेफिक जियाउद्दीन अहमद, एसीपी क्राइम अम्बुज सिंह यादव, श्री जितेन्द्र सिंह इंस्पेक्टर नारकोटिक्स सेल, श्री अरविन्द्र कुमार यादव एसीएफ द्वितीय, श्री आशुतोष ड्रग इंस्पेक्टर, डीपीओ मनोज कुमार पुष्कर, श्री वेद प्रकाश समाज कल्याण अधिकारी, श्री दिग्विजय सिंह समाज कल्याण अधिकारी, शिक्षा विभाग, वन विभाग, यातायात विभाग के अधिकारी/प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जून माह का राशन निःशुल्क वितरित होगा, 30 मई से 10 जून तक चलेगा वितरण अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जून माह के लिए पात्र राशनकार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। यह वितरण खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 30 मई 2025 से 10 जून 2025 तक किया जाएगा। राशन वितरण अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं व 21 किलोग्राम चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं व 3 किलोग्राम चावल के रूप में किया जाएगा। यह वितरण प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक उचित दर की दुकानों पर उपलब्ध होगा।

1 जून 2025 को सर्वर पर डाटा कम्पाइल होने के कारण वितरण कार्य नहीं होगा, परंतु 2 जून से पुनः पूर्ववत जारी रहेगा। वितरण के दौरान उचित दर विक्रेता प्रतिदिन एक सीमित संख्या में टोकन वितरित करेंगे, ताकि ई-पॉस मशीनों के माध्यम से वितरण व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से हो सके। नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में यह प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है।

# सिपाही की हत्या, 140 से ज्यादा संदिग्ध गिरफ्तार करने की तैयारी

वेलकम इंडिया

- डेढ़ हजार की भीड़ ने पुलिस पर किया पथराव और फायरिंग, 15 आरोपियों को जेल भेजा

**गाजियाबाद**। मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव में 25 मई की रात नोएडा पुलिस पर हुए हमले ने पुलिस प्रशासन को हिला कर रख दिया है। इस हिंसक हमले में सिपाही सौरभ कुमार की गोली लगने से मौत हो गई थी। घटना की जांच में पुलिस को बड़ी जानकारी मिली है कि करीब डेढ़ हजार लोग घटनास्थल पर मौजूद थे, जिनमें से 140 लोगों को पथराव और फायरिंग में सक्रिय भूमिका निभाने के संदेह में चिन्हित किया गया है। पुलिस के अनुसार, हिस्ट्रीशीटर कादिर उर्फ मंटर के भाई आदिल पर सिपाही की हत्या में संदेह जताया जा रहा है, हालांकि गोली किसने और किस दिशा से चलाई, अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है। कादिर पर चोरी सहित लूट, गैंगस्टर एक्ट और हथियार तस्करी समेत 24 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। 25 मई की रात फेस-3 थाने की पुलिस टीम ने कादिर को गिरफ्तार किया था, लेकिन उसे गाड़ी में ले जाते समय कादिर ने शोर मचाकर अपने साथियों और ग्रामीणों को उकसाया। इसके बाद पंचायत भवन के पास छिपे 8-10 लोगों ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें सिपाही सौरभ कुमार की जान चली गई। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों और मोबाइल टॉवर के बीटीएस डेटा के आधार पर 140 संदिग्धों की पहचान की है।

# मोहन नगर जोन में महापौर ने किए 7.50 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। नगर निगम महापौर सुनीता दयाल ने गुरुवार को मोहन नगर जोन के विभिन्न वार्डों में 7 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। यह कार्य 15वें वित्त आयोग की धनराशि से कराए जा रहे हैं, जिनमें मुख्य रूप से सड़कों और नालों के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। महापौर ने कहा कि शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे ताकि मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंच सकें। महापौर ने जानकारी दी कि पिछले एक सप्ताह के भीतर गाजियाबाद शहर में कुल लगभग 120 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि नगर निगम द्वारा विकास को लेकर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की धनराशि का प्रयोग करते हुए शहर के अधिकतर वार्डों में जरूरी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। मोहन नगर जोन में जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ है, उनमें प्रमुख रूप से सड़क निर्माण के बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। बाजीराबाद रोड, राजेन्द्र नगर सेक्टर-5, भोपुरा डिफेंस कॉलोनी, करहैड़ा गांव, डीएलएफ कॉलोनी और मौर्य रोड समेत अन्य इलाकों की सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर हवन कर अर्पित किए गए श्रद्धा-सुमन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय मेरठ रोड पर गुरुवार को जिले और महानगर संगठन के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 38वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया और श्रद्धा-सुमन अर्पित कर महान नेता को नमन किया गया। जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के उन चंद राजनेताओं में थे, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। उनके विचार और सिद्धांत आज भी देश के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने अपने वक्तव्य में कहा कि चौधरी चरण सिंह न सिर्फ किसानों बल्कि देश के हर वर्ग, हर समुदाय के नेता थे। उन्होंने हमेशा समावेशी राजनीति को बढ़ावा दिया और सभी धर्मों व वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति अपनाई। आज जब देश को एकजुटता और सामाजिक सद्भाव की सबसे अधिक आवश्यकता है, ऐसे समय में चौधरी साहब के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चौधरी तेजपाल सिंह, कुंवर अयूब अली, अजय प्रमुख, रविंद्र चौहान, डॉ. पूनम गर्ग, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, अरुण चौधरी, भूपेंद्र डबास, प्रबुद्ध कुमार, जगराज बालियान, हिमांशु नागर, संजीव अरोड़ा, ललित सेन, जयदीप सिंह, योगेश फफराना, मीनाक्षी चौधरी, राशि, दीपक चौधरी, वीर सिंह सलेमाबाद, तुषार बंसल, सतपाल सलेमाबाद, अरुण शर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

# रोडवेज बसों में संचालित अंतरराज्यीय जेबकतरे गिरोह का भंडाफोड, चार गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतरराज्यीय जेबकतरे गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है, जो रोडवेज बसों में यात्रियों के कीमती सामान की चोरी करता था। बुधवार को क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने चार प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 ब्लेड और 50 हजार रुपये बरामद किए हैं। जांच में पता चला है कि यह गिरोह मेरठ, बिजनौर सहित कई जिलों में साप्ताहिक बाजारों और बसों का इस्तेमाल कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी यात्रियों को पहले चिह्नित करते थे और फिर ब्लेड की मदद से बैग के नीचे के हिस्से को काटकर नकदी और कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। इस गिरोह ने खासतौर पर दिल्ली-गाजियाबाद मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बसों को अपना निशाना बनाया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना लिसाड़ी गेट मेरठ के मुकीर आलम, इस्लाम तथा फरार दो आरोपियों फरदीन और सतीश कुमार के तौर पर हुई है, जिनके खिलाफ कई थानों में विभिन्न आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि फरार दो आरोपियों को भी शाहबेरी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के कब्जे से 13 ब्लेड भी बरामद हुए हैं। आरोपी गिरोह के अन्य सदस्यों की भी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छानबीन में लगी हुई है।

# दिल्ली पुलिस का ऑपरेशन बांग्लादेशी तेज

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। बुधवार को एक विशेष अभियान के तहत 160 अवैध घुसपैठियों को गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से विशेष विमान द्वारा त्रिपुरा के लिए रवाना किया गया। त्रिपुरा से इन्हें भारत-बांग्लादेश सीमा पर पहुंचाकर बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। यह कदम दिल्ली पुलिस के ऑपरेशन बांग्लादेशी का हिस्सा है, जिसके तहत हाल के महीनों में सैकड़ों अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार कर डिपोर्ट किया जा चुका है। गृह मंत्रालय के निर्देश पर नवंबर 2024 से शुरू हुए इस सत्यापन अभियान को 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद और गति मिली, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। इस हमले के बाद दिल्ली पुलिस ने मात्र एक महीने में लगभग 470 बांग्लादेशी घुसपैठियों और 50 अन्य विदेशी नागरिकों को पकड़ा। इनमे से 160 अवैध प्रवासियों को हिंडन एयरबेस से विशेष उड़ान के जरिए त्रिपुरा भेजा गया, जहां से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की मदद से उन्हें बांग्लादेश सीमा पर सौंपा जाएगा। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय, बीएसएफ और त्रिपुरा प्रशासन के साथ मिलकर डिपोर्टेशन प्रक्रिया को तीव्रता और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जा रहा है। हिंडन एयरबेस को इस प्रक्रिया का मुख्य केंद्र बनाया गया है, जहां से अब तक कई विशेष उड़ानें चल चुकी हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने इस अभियान को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया है और अवैध प्रवासियों को सहायता देने वाले नेटवर्क तथा फर्जी दस्तावेज बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। पकड़े गए प्रवासियों को पहले दिल्ली पुलिस हिरासत में लेती है और फिर विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय को सौंपा जाता है। इसके बाद विशेष उड़ानों या बसों के जरिए उन्हें सीमा क्षेत्र तक पहुंचाया जाता है। इस प्रक्रिया को तेजी से और प्रभावी बनाने के लिए चार्टर्ड उड़ानें और सीमा पर समन्वय तंत्र भी स्थापित किए गए हैं।

# विधायक बोले भागे तो गोली मार देना, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। लोनी विधानसभा से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने फिर से विवादित कार्रवाई कर सुर्खियां बटोरी हैं।

बुधवार को टीला मोड़ थाना क्षेत्र के फरुखनगर पुलिस चौकी के पास हिंडन एयरपोर्ट के निकट एक मीट की दुकान पर विधायक ने छापा मारा और दुकान मालिक को खुद पैदल पुलिस चौकी तक ले गए। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें विधायक के आक्रामक रवैये और धमकी भरे बोल साफ सुनाई दे रहे हैं। वीडियो में विधायक अपने समर्थकों से कहते हुए नजर आते हैं कि अगर दुकानदार भागा तो गोली मार देना, इसके बाद वह खुद दुकान मालिक को पुलिस चौकी लेकर जाते हैं। चौकी पर पहुंचकर विधायक ने पुलिस इंचार्ज की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और सवाल किया कि मंदिर और एयरपोर्ट के पास मीट की दुकान कैसे चल रही है। यह घटना विवादों को जन्म दे रही है, जहां कुछ लोग इसे धार्मिक भावनाओं की रक्षा मान रहे हैं तो कई इसे संवैधानिक पद के दुरुपयोग और सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश बता रहे हैं। नंदकिशोर गुर्जर पहले भी कई बार मीट की दुकानों पर छापेमारी कर चुके हैं। अक्टूबर 2020 में नवरात्रि के दौरान उन्होंने लोनी में मीट की दुकानों को बंद करवाया था और इसे धार्मिक भावना की रक्षा बताया था।

# सक्षम एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षा महाकुंभ- 2025 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। आज गाजियाबाद स्थित जानकी भवन, कविनगर में सक्षम एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आगामी ₹शिक्षा महाकुंभ 2025₹कार्यक्रम को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री अमित चौहान ने कार्यक्रम से संबंधित समस्त जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया जाता है। साथ ही, विद्यार्थियों की इस सफलता में भागीदार रहे। प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. राजीव त्यागी राज शिक्षाविद, तुलसीपुरुष, तुलसीऋषि ने जानकारी दी। कि इस वर्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा होंगे, जो मेधावी छात्रों को स्वयं सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में इन गणमान्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है श्री मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष, श्री दिनेश गोयल एमएलसी, विधायक डॉ. अनिल अग्रवाल पूर्व राज्य सभा सांसद आदि उपस्थित रहेंगे। *₹शिक्षा महाकुंभ 2025₹ का आयोजन 31 मई दिन शनिवार 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक जानकी भवन, कविनगर, रामलीला मैदान, गाजियाबाद में किया जाएगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया। कि कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है और चयनित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक श्री अमित चौहान ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। और समाज के सहयोग से शिक्षा को नई दिशा देने के अपने संकल्प को दोहराया।

# भ्रष्टाचार और गृह कर वृद्धि के विरोध में उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अवधेश शर्मा के नेतृत्व में गरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और अचानक हुई भारी गृह कर वृद्धि को लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई है। उद्योग व्यापार मंडल ने नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर जनता का शोषण करने तथा शासन की साख को गिराने का गंभीर आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम का लगभग 40त्न बजट भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाता है और शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। इसके अलावा, नगर निगम के कई अधिकारी सेवानिवृत्ति के बाद भी पद पर बने हुए हैं और जनता को लगातार परेशान कर रहे हैं। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि नगर निगम ने पहले एक सर्वे में पाया था कि शहर के आधे से अधिक वार्डों में लगभग 50त्न घरों पर गृह कर नहीं लगाया गया था, लेकिन इसके बजाय पहले से कर देने वाले नागरिकों पर मई 2025 में अचानक पांच गुना गृह कर थोप दिया गया। इस वृद्धि का सीधा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ेगा, जिससे मकान और दुकान मालिक किराए बढ़ाएंगे और किरायेदारों की समस्याएं बढ़ेंगी। फिर 26 मई 2025 को बिना सदन की बैठक या राज्य सरकार की अनुमति के इस कर को दोगुना कर दिया गया, जिसे व्यापार मंडल ने तानाशाही और जनविरोधी कदम बताया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से अपील की गई है कि गृह कर वृद्धि को वार्षिक 10त्न की सीमा तक ही सीमित रखा जाए और नगर निगम में भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में कई प्रमुख व्यापारी नेता शामिल थे, जिन्होंने नगर निगम की इस गलत नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई है।